संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

23 अक्टूबर 2025, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 032

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### झारखंड के विभिन्न जिलों में कल से चार दिनों तक बारिश की आशंका

**रांची ।** झारखंड के विभिन्न जिलों में 24 अक्टूबर से चार दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की आशंका है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी। विभाग के अनुसार राज्य के जिन इलाकों में बारिश होने की आशंका है इनमें दक्षिणी जिले ( पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम सिमडेगा और सरायकेला खरसावां) और इसके निकटवर्ती मध्य भाग शामिल हैं।

## छठ पर घर जाने वालों के लिए अगले पांच दिनों में चलाई जाएंगी 1500 विशेष ट्रेनें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल ने व्यापक इंतजाम किए हैं। छठ पर्व के अवसर पर अगले पांच दिनों में 1500 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। यानी औसतन प्रतिदिन 300 ट्रेनें चलेंगी, ताकि हर यात्री सुरक्षित और आरामदायक तरीके से अपने घर पहुंच सके।

रेल मंत्रालय के अनुसार, नियमित ट्रेनों के अलावा पिछले 21 दिनों में 4,493 विशेष ट्रेन चलाई गई हैं, जिनका औसत प्रतिदिन 213 ट्रिप्स रहा। इन विशेष ट्रेनों ने दीपावली के अवसर पर यात्रियों को समय पर अपने घर पहुंचने में बड़ी सुविधा दी है। भारतीय रेल एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक 61 दिनों की अवधि में 12 हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चला रही है। अब तक 11,865 ट्रिप्स (916 ट्रेनों) की अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जिनमें 9,338 आरक्षित और 2,203 अनारक्षित ट्रिप्स शामिल हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जब 7,724 पूजा और दीपावली विशेष ट्रेनें चलाई गई थीं। रेल मंत्रालय के अनुसार, 21 से 31 अक्टूबर के बीच लगातार विशेष ट्रेनों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।



21 अक्टूबर को 282 विशेष ट्रेनें चलाई गईं, जबकि 22 अक्टूबर को 285 और 23 अक्टूबर को 295 ट्रिप्स अधिसूचित की गईं। 24 अक्टूबर को यह संख्या बढ़कर 303 हो जाएगी और 25 अक्टूबर को सर्वाधिक 311 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। 26 अक्टूबर को 305 ट्रिप्स संचालित होंगी, जबकि 27 अक्टूबर को 286, 28 एवं 29 अक्टूबर को 242-242 विशेष ट्रेनें चलेंगी। इसके बाद 30 एवं 31 अक्टूबर को 263-263 विशेष ट्रिप्स का संचालन किया जाएगा।

रेलवे ने न केवल अतिरिक्त ट्रेनें चलाई हैं बल्कि यात्री सेवाओं और सुविधाओं में भी सुधार किया है। 19 अक्टूबर को सूरत के उधना स्टेशन से 36 हजार से अधिक यात्रियों ने यात्रा की- जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर, होल्डिंग एरिया और भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई। यात्रियों ने इस बार रेलवे की स्वच्छता, सुरक्षा और सेवा स्तर की प्रशंसा की है। जबलपुर स्टेशन की स्वच्छता और सुव्यवस्था, बेंगलुरु-कोलकाता ट्रेन की स्वच्छ कोच व्यवस्था तथा अहमदाबाद स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों की सहायता जैसी पहलें यात्रियों के अनुभव को बेहतर बना रही हैं।

## साउथ एशियन एथलेटिक्स की मेजबानी झारखंड के लिए गर्व की बात : हेमंत

### सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का सीएम कल करेंगे उद्घाटन

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को उनके आवासीय कार्यालय में राज्य के खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मुलाकात की और उन्हें चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स फेडरेशन (सैफ) सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान खेल मंत्री और उनके साथ मौजूद अधिकारियों एवं पदाधिकारियों ने रांची में आयोजित हो रहे सैफ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की



तैयारियों से संबंधित जानकारी से उन्हें अवगत कराया।

यह चैंपियनशिप 24 से 26 अक्टूबर तक राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होगी। उद्घाटन 24 अक्टूबर को संध्या 6 बजे होगा।

मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि झारखंड लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करता आ रहा है । इसी कड़ी में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रांची में आयोजित होना पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। इसका भव्य, शानदार और सफल आयोजन हो, ताकि खेलों के क्षेत्र में हमारे राज्य की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बने।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान राज्य के खेल मंत्री के साथ खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर एवं झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक भी मौजूद थे।

### बेगूसराय में ट्रेन से कटकर 4 लोगों की मौत

**बेगूसराय।** जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र अंतर्गत रहुआ ढाला के पास बुधवार की रात आम्रपाली ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सभी लोग काली पूजा का मेला देखकर लौट रहे थे। हादसे के बाद क्षेत्र में मातम छा गया। मृतकों की पहचान रघुनाथपुर करारी पंचायत निवासी धर्मदेव महतो (45 वर्ष), उनके नाती (7 वर्ष), रोशनी कुमारी (पिता मदन महतो) और रीता देवी (पति मदन महतो) के रूप में की गई है।

### चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज आज

**रांची ।** को भगवान चित्रगुप्त (दवात) और भाईदूज (गोधन) की पूजा 23 अक्टूबर की जाएगी। इस दिन बहनें अपने भाई की अकाल मृत्यु न हो इसके लिए यम यमी की पूजा कर भाइयों की आयु, आरोग्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं।

## चुनावी जंग के बीच लालू परिवार को चुनौतियों ने घेरा, सीबीआई ने खड़ी कर दी गवाहों की फौज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** बिहार में विधानसभा चुनाव जीतने की जंग हर एक राजनैतिक दल लड़ रहा है। सभी अपनी जीत के लिए जनता के बीच जाकर वादे कर रहे हैं उन्हे बता रहे हैं कि आपका सबसे ज्यादा हित कौन कर सकता है। इसी बीच लालू परिवार तमाम चुनौतियों से जूझ रहा है। केंद्रीय जाँच ब्यूरो यानी सीबीआई ने आईआरसीटीसी होटल मामले में करीब एक दर्जन गवाहों की सूची अदालत को सौंपी है, जो पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ मामले में उनकी कथित संलिप्तता के बारे में गवाही देंगे।

बता दें कि इस महीने की शुरुआत में ही एक विशेष सीबीआई अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, राबड़ी



देवी, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आईआरसीटीसी होटल मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए आरोप तय किए हैं। अदालत ने लालू प्रसाद के खिलाफ भ्रष्टाचार (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत), आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और अन्य आरोप तय किए हैं। राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य पर षड्यंत्र और धोखाधड़ी सहित कई अपराधों का आरोप है। हालांकि, तीनों ने अदालत में खुद को निर्दोष बताया है। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, आरोपी इस आदेश को चुनौती दे सकते हैं।सीबीआई पहले ही इन गवाहों को औपचारिक नोटिस जारी कर चुकी है और उन्हें 27 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा है। उस दिन से इस मामले में ट्रायल शुरू होना है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सीबीआई इन गवाहों की गवाही बिना किसी सबूत के आधार पर जल्दी से पूरा करने की कोशिश करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उक्त गवाहों से पूछताछ के बाद, सीबीआई आरोपियों के खिलाफ अपने आरोपों को पुष्ट करने के लिए कुछ और गवाह भी पेश करेगी।13 अक्टूबर को आरोप तय करते हुए विशेष सीबीआई कोर्ट के जज विशाल गोगने ने कहा था कि वे प्रथम दृष्टया इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि लालू को पूरी प्रक्रिया की जानकारी थी और उन्होंने होटलों के हस्तांतरण को प्रभावित करने के लिए हस्तक्षेप किया था।

## दिसंबर से जनवरी माह तक होंगे नगर निकाय के चुनाव : जानकी यादव

**संवाददाता**

**कोडरमा ।** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य में नगर निकाय के चुनाव दिसंबर से जनवरी माह तक करा लिए जाएंगे। बुधवार को डोमचांच में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अब राज्य में निकाय चुनाव में किसी प्रकार की कोई अड़चन नहीं है। इस दौरान अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव से ओबीसी समुदाय के लोगों ने मुलाकात की।

समुदाय के लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सीमा को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने की मांग की। इस मांग पर जानकी प्रसाद यादव ने विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में अब निकाय चुनाव में किसी प्रकार की कोई अड़चन नहीं है और चुनाव तय समय पर होंगे।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष होने के नाते यह जिम्मेवारी हमें मिली थी, जिसका आयोग ने सफलतापूर्वक निबटारा कर लिया और राज्य सरकार ने भी उस पर अपने मुहर लगाते हुए इसकी रिपोर्ट नगर विकास विभाग और चुनाव आयोग को सौंप दिया है।

उन्होंने कहा कि एससी और एसटी को आरक्षण का लाभ मिलने के बाद 50 प्रतिशत आरक्षण में से बचे हिस्?से का



लाभ ओबीसी समाज को मिलेगा। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव अब चुनाव आयोग के जिम्मे है। वह इसे कितने दिन में करवाती है, यह उनकी जिम्मेवारी है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव पिछले पांच वर्षों से लंबित है। यह देरी मुख्य रूप से पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर उत्पन्न हुई थी। बीते 14 अक्टूबर को झारखंड उच्?च न्?यायालय ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को तीन सप्ताह के भीतर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने का सख्त निर्देश दिया था। वहीं राज्?य सरकार ने अदालत को बताया था कि वह चुनाव के लिए तैयार है ट्रिपल टेस्ट पूरा हो चुका है और इसकी रिपोर्ट भी तैयार है। साथ ही, राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति भी कर ली गई है।

## सिमडेगा : तीन करोड़ के गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता**

**सिमडेगा ।** ओडिसा से सिमडेगा के रास्ते भारी मात्रा में गांजा की तस्करी की जा रही थी। एनसीबी और सिमडेगा पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी करवाई करते हुए तीन करोड़ रुपये मूल्य की साढ़े चार सौ किलो गांजा जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

एनसीबी के बिहार झारखंड जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद और एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने संयुक्त रूप से बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि ओडिसा से सिमडेगा के रास्ते भारी मात्रा में गांजे की खेप बिहार के तरफ जाने की सूचना मिली थी।

इस सूचना पर करवाई करते हुए एनसीबी और सिमडेगा पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाते हुए कोलेबिरा थाना क्षेत्र के छगरबंधा के पास एनएच 143 पर हरियाणा नंबर की एक ट्रक को रोका। ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक के एक गुप्त केबिन से 85 पैकेट में 441 किलो गांजा बरामद किया गया। गांजा को जब्त करते हुए गांजा लेकर जा रहे ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया।

एनसीबी के जोनल डायरेक्टर ने जब्त किए गए गांजा का अनुमानित मूल्य लगभग तीन करोड़ रुपये बताया। एसपी ने कहा कि गांजा की कीमत छोटे स्तर पर ज्यादा महंगी हो जाती है। एनसीबी ने कहा कि गांजा और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार करवाई की जा रही है।

## केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का हेलिकॉप्टर गड्ढे में फंसा

### पुलिस, फायर स्टाफ ने धक्का मारकर निकाला



**एजेंसी**

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलिकॉप्टर बुधवार को उतरने के बाद गड्ढे में फंस गया। मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर को धक्का देकर गड्ढे से निकाला। प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं। यह घटना केरल के पथानामथिट्टा स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में हुई। यहां हेलीपैड जल्दबाजी में बनाया गया था। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने कहा, कन्क्रीट पूरी तरह से जम नहीं पाया था, इसलिए जब हेलिकॉप्टर उतरा तो वह उसका भार नहीं संभाल सका और एक तरफ झुकने लगा। जहां इसके पहिए जमीन को छू रहे थे, वहां गड्ढे बन गए।

## घाटशिला उपचुनाव : 14 प्रत्याशी मैदान में, तीन का नामांकन रद्द

**संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम ।** जिले के 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के तहत बुधवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। वहीं, तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रदद कर दिया गया। संवीक्षा के बाद जिन अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं, उनमें प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के साथ कई निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। भाजपा से बाबूलाल सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से सोमेश चंद्र सोरेन के बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। इनके अलावा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) की पार्वती हांसदा, भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के पंचानन सोरेन और जेएलकेएम के रामदास मुर्मू भी मैदान में हैं।

निर्दलीय प्रत्याशियों में परमेश्वर टुडू, श्रीलाल किस्कू, मनसा राम हांसदा, नारायण सिंह, विकास हेम्ब्रम, बसंत कुमार तोपनो, मनोज कुमार सिंह, विक्रम किस्कु और रामकृष्ण कांति महली शामिल हैं। वहीं, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं, उनमें निर्दलीय मालती टुडू, आपकी विकास पार्टी के दुखिराम मान्डी और राष्ट्रीय सनातन पार्टी के मंगल मुर्मू के नाम शामिल हैं। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, इनके नामांकन पत्र अधूरे दस्तावेजों और प्रक्रिया संबंधी त्रुटियों के कारण अस्वीकृत किए गए हैं।

## गोड्डा : वृद्ध महिला की गला रेतकर हत्या, 4 साल की पोती के साथ घर में थी अकेली

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**ललमटिया (गोड्डा)।** जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव में एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। यह घटना बीते रात की बताई जा रही है। महिला अपनी चार साल की पोती के साथ घर में अकेली सोई हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार सोना भानु खातून नामक महिला सुबह जब देर तक नहीं उठी तो ग्रामीणों ने घर जाकर देखा। जहां सोना भानु खातून मृत मिलीं। जिनके गले पर धारदार हथियार से कटे का निशान था। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मृतका के घर के पास जमा हो गए। जानकारी के मुताबिक मृतका के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। बताया गया है कि उनका एक बेटा जेल में है, जबकि दूसरा



विक्षिप्त स्थिति में है। दोनों बेटियां दिल्ली में रहकर काम करती हैं, जिसके कारण महिला अपनी चार साल की पोती के साथ अकेली रहती थीं।

वही घटना की सूचना तुरंत बोआरीजोर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आज़ाद भी मौके पर पहुंचे और मामले की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## बिहार चुनाव : लौट कर आखिर घर को आए

**प्रियरंजन भारती**

कांग्रेस का कोई जवाबे नहीं है। राहुल गांधी हवा तो खूब बनाए मगर बिहार चुनाव के ऐन मौके से गायब हो लिए।सीट शेयरिंग का तमाशा खत्म हुआ तब हाईकमान की तरफ से अशोक गहलोत को पटना भेजा गया। एयरपोर्ट से सीधे राबड़ी आवास पहुंचे। बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू भी साथ में। लालू, राबड़ी, तेजस्वी से बतिया के फॉर्मूला निकाला। मीडिया वालों को बताया कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव साथे साथ चुनाव प्रचार अभियान में निकलेंगे।कहिन कि पांच छह सीटों पर महागठबंधन के दलों के उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ उतर गये हैं।सब ठीक हो जाएगा। फ्रेंडली फाइट कन्फ्यूजन में हुआ है। ऐसा वैसा कुछ है नहीं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मिलकर जब चुनाव प्रचार करेंगे तब सबकुछ ठीक हो जाएगा। प्रभारी कृष्णा अल्लावारू भी मौके पर प्रसन्न नज़र आए।वही तो सबसे ज्यादा ऐंठ दिखाते रहे। कांग्रेस ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार नहीं माना तो उन्हीं की जुबानी हाईकमान तय करेगा वाली बात बोलवाई गई।अब एनडीए

### चुनावी चटखारे

जब छक्का मारे लगा तब चारों तरफ चर्चा तेज हो गई कि महागठबंधन ने तश्तरी में परोस कर बीजेपी गठबंधन को सत्ता सौंपने का मन बना लिया है। कानों-कान देश भर में बात फैली तब कांग्रेस हाईकमान नींद से जागा।भाई जब ऐंठ में थे तब काहे ऐंठन छोड़ दी?ऐंठले बैठे रहते तब न बात होती।लगा कि सब गुड़ गोबर हो जाएगा तब बेचैनी बढ़ी।खैर कोई बात नहीं।देर आयद दुरुस्त आयद।इसी को न कहते हैं-लौट कर बुद्धू घर को आए।आखिर करेंगे भी क्या और जाएंगे तो फिर जाएंगे कहां। लालू जी ने दशकों से पिछलग्गू बना रखा था।अब आरजेडी की जेब से निकलना चाहते थे मगर रास्ता किधर है।61 सीटें झटक तो ले गए पर बिना लालू परिवार के साथ के जीतेंगे कितनी?अपना जनाधार तो लुप्त हो चुका है।बात समझ में आई तो लाज बचाने फिर वहीं साष्टांग होना एकमात्र उपाय सूझा।सो देर से ही सही पर अक्ल आखिर समय रहते ठिकाने तो आ गई।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा चुनाव से बाहर

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किसी भी सीट से उम्मीदवार नहीं खड़ा किया।दो दिनों पहले ही सुप्रियो भट्टाचार्य ने पटना आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था और सीटें बताई थी कि आठ पर उम्मीदवार उतारेंगे। कांग्रेस और आरजेडी पर नज़रें टेढ़ीं करते हुए झारखंड सरकार बनाने में दोनों दलों को भरपूर मौका दिए जाने के ताने मारे और यह भी कह दिया था कि झारखंड में फिर हम इन्हें देख लेंगे। लेकिन नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद झामुमो ने हौले से गर्दन गिरा दी। आखिर हुआ क्या?कुछ तो हुआ ही होगा जो एकदमे शांत पड़ गये। पब्लिक एही रहस्य तो जानना चाहती है कि जेएमएम को लालू यादव ने समझा बुझाकर कर ठंडा कर दिया कि उसको खुद ही बिहार में अपनी औकात समझ में आ गई?

### पीके का जन सुराज ऑपरेशन लोटस का मोहरा है का?

पीके ने पीसी में बोला कि बीजेपी से हमहीं लड़ रहे हैं और वह जन सुराज से डर गई है।मगर चुनावी पंडित लोग बता तो कुछ और ही रहिन हैं।कहा तो एही जा रहा है कि बीजेपी की सीटों पर जन सुराज के उम्मीदवारों ने यह या तो नामांकन नहीं किया चाहे नामांकन व लेने लगे।कुछ तो बीजेपी के समर्थन में बैठ गये कुछेक के नामांकन ही रद हो गये। जबकि जहां जहां जदयू और आरजेडी है वहां वहां जन सुराज के आदमी मैदान में डंटल है। मतलब यही निकलता है कि जदयू और आरजेडी यानी नीतीश और लालू का पावर गेम बिगाड़ देना है। एजेंडा तो शुरू से एही था।तभी तो कहा जा रहा है कि पीके का जन सुराज नहीं, बिहार चुनाव में ऑपरेशन लोटस का मोहरा है?

### बिहार चुनाव

## मोतिहारी विधानसभा में रोचक हुआ मुकाबला, पति-पत्नी एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान में



**एजेंसी**

**मोतिहारी ।** मोतिहारी विधानसभा का चुनाव दिलचस्प होने वाला है। इस बार चुनाव में कई दिग्गज चुनावी मैदान में है, तब वहीं पति-पत्नी भी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में है। मोतिहारी नगर निगम की मेयर प्रीति गुप्ता और उनके पति देवा गुप्ता दोनों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। देवा गुप्ता ने जहां राजद के सिंबल पर अपना नामांकन पत्र निर्वाचित पदाधिकारी के सामने दाखिल किया। वहीं उनकी पत्नी और मोतिहारी नगर निगम की मेयर प्रीति गुप्ता ने भी स्वतंत्र रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। ऐसी स्थिति में मोतिहारी में अलग चुनावी रंग देखने को मिल रहा है। पति-पत्नी के मैदान में आने से चुनावी रंग रोचक हो गया है। इस चुनाव में मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए एक दिलचस्प मुकाबला होगा जहां उन्हें पति-पत्नी में से किसी एक को चुनना होगा। हालांकि, कहानी यहीं खत्म नहीं होती है, क्योंकि इसमें बहुत झोल भी है जो बेहद दिलचस्प है।

दरअसल, देवा के साथ-साथ उनकी पत्नी ने इस सीट से पर्चा क्यों दाखिल किया है, इस लेकर कई तरह की चर्चा हो रही है। लेकिन, इसकी इनसाइड स्टोरी बेहद रोचक है। मामला कुछ यूं है कि देवा गुप्ता पर संगठित अपराध, रंगदारी और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप हैं। उन पर अवैध जमीन खरीद-बिक्री, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप भी लगाए गए हैं। देवा के खिलाफ दर्जनभर से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, इसलिए उनपर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है।

### महागठबंधन में कोई विवाद नहीं, सभी चीजें सही तरीके से चल रही : गहलोत

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर उभरे विवाद के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि महागठबंधन में कोई विवाद नहीं है, सभी चीजें सही तरीके से चल रही हैं। पटना में कांग्रेस के बिहार पर्यवेक्षक गहलोत ने कहा कि बिहार में 243 विधानसभा सीटें हैं। इतने बड़े गठबंधन में पांच-दस सीटों पर विवाद होना कोई बड़ी बात नहीं है। किसी भी प्रदेश में अगर गठबंधन होगा, तब कुछ सीटों पर ऐसी स्थिति आती है। उन्होंने कहा कि एक-दो दिनों के अंदर सबकुछ ठीक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच-दस सीटों पर कार्यकर्ता भी उत्साह में होते हैं और स्थानीय परिस्थिति भी होती है। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर अब तक स्थिति साफ नहीं है।



बिहार में कई ऐसी सीटें हैं जहां महागठबंधन में शामिल दो दलों ने अपने-अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। ऐसी स्थिति में कार्यकर्ता भी असमंजस बना हुआ हैं। महागठबंधन में शामिल दलों द्वारा उम्मीदवारों की सूची जारी की जाती रही और उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भी दाखिल कर दिया।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रांची के विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया



**रांची ।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची के विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी को लेकर आज स्वामी विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब) धुर्वा डैम, बटन तलाव डोरंडा, जगन्नाथपुर तालाब ,स्वर्णरेखा नामकुम, तेतरी टोली हाई टेंशन कॉलोनी, मत्स्य अनुसंधान केंद्र शालीमार ,छोटा डैम, आदर्श नगर धुर्वा, स्मार्ट सिटी तलाव, सहित विभिन्न स्थान के छठ घाटों का निरीक्षण किया। यहां चल रही तैयारी का जायजा लिया। छठ घाट समितियों के प्रतिनिधियों से छठ की तैयारी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई। श्री सेठ ने बड़ा तालाब के तोरण द्वार के मरमती कारण करने एवं सभी तालाब में लाइट की व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम के प्रशासक से बात की केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ द्वारा बड़ा तालाब एवं स्वर्णरेखा घाट नामकुम में सोलर हाई मास्क अभिलंब लगाया जाएगा । सेठ ने कहा सभी तालाबों पर एनडीआरएफ की टीम पूरी मुस्तादी के साथ सभी छठ घाटों पर मौजूद रहेंगे श्री सेठ ने सभी पूजा समितियों से कहा किसी प्रकार की छठ वर्तियो को कोई कठिनाई नहीं होगी उन्हें हर संभव मदद किया जाएगा इस अवसर पर श्री राजीव रंजन मिश्रा, ऋषभ कक्कड़, रवि कुमार, पिंकू उमेश यादव नवीन सोनी सुचिता रानी दीपक लोहरा, नकुल तिर्की पिंटू सिंह रिंकू सिंह प्रमोद सिंह जुगनू साहू धर्मेंद्र सिंह सहित दर्जनों समिति के लोग मौजूद रहे।

# गयाजी में पत्नी की हत्या कर भाग रहा युवक धनबाद में धराया

**धनबाद।** पत्नी की हत्या कर गयाजी (बिहार) से आसनसोल भाग रहा पति श्याम ठाकुर धनबाद प्लेटफार्म से धराया। वह गया - आसनसोल ईएमयू में सवार होकर आसनसोल जा रहा था। धनबाद स्टेशन पर ट्रेन के ठहरने पर श्याम पानी पीने के लिए उतरा था। उसी क्रम में आरपीएफ, रेल पुलिस तथा जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गया पुलिस और आरपीएफ की ओर से धनबाद को सूचना दी गई थी की पत्नी रीना देवी (30)की हत्या कर श्याम ट्रेन से भाग रहा है। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से श्याम ठाकुर के बारे में जानकारी हासिल की थी। गयाजी की पुलिस ने श्याम की तस्वीर भी धनबाद पुलिस को उपलब्ध कराई थी। तस्वीर से ही श्याम की पहचान हुई।

# डिवाइडर से टकराई कार, दो दोस्तों की मौत

**धनबाद।**धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाजरा मोड़ के समीप मंगलवार की देर रात दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें रहमत गंज के दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में जा रही एक कार अचानक अपना संतुलन खो बैठी और डिवाइडर से टकराने के बाद एक पेड़ से जा लड़ी। कार इतनी तेज गति में थी कि पेड़ से टकराने के बावजूद कार वहां नहीं रुकी, बल्कि कई बार पलटते हुए कार दूसरी लेन में जा पहुंची।जानकारी के अनुसार कार सवार चार दोस्त रहमत गंज से गोविंदपुर के अफताब होटल खाना खाने जा रहे थे। इस बीच हाजरा मोड़ के समीप अचानक अनियंत्रित हुई गाड़ी ने दो जिंदगियां निगल ली। बताया जा रहा है कि अयान की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आदिल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं उनके दो अन्य साथी घायल हैं। जिनका इलाज चल रहा है। वहीं, घटना के बाद पूरे रहमत गंज इलाके में मातम पसरा हुआ है।

# नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी कर ऑफिस में ताला लगा भाग निकले शातिर

**धनबाद।**बेरोजगारी की मार झेल रहे आज के समय में युवा इन दिनों रोजगार की तलाश में ठगी का भी शिकार हो रहे हैं ताजा मामला प्रकाश में आया है।बैंक मोड़ थाने से जुड़ा हुआ जहां गल्फ कंट्री में नौकरी दिलाने के नाम पर बिहार झारखंड के 40 से अधिक बेरोजगार से लाखों रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है पीड़ितों का कहना है कि नौकरी लगने के नाम पर 40 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक लिए गए और बदले में फ्लाइट की फर्जी टिकट दे दी।इसके बाद पीड़ित युवक बैंक मोड़ श्रीराम प्लाजा के 4फ्लोर स्थित यस इंडिया ओवरसीज नामक फर्जी कंपनी के ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि ऑफिस में ताला जड़कर उसकी चाबी संचालक को सौंप दी गई है इसके बाद इसकी शिकायत स्थानीय थाना को की गई इसके बाद थाना प्रभारी ने ऑनर को बुलाकर पूछताछ की और आगे की कार्रवाई करने की बात कही अब देखने वाली बात होगी कि छले गए इन युवाओं को इंसाफ मिलता है या नहीं।

# मेडिकल कॉलेज की आउटसोर्स नर्सों के वीकली ऑफ के लिए नियमों में बदलाव

**धनबाद ।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की आउटसोर्स नर्सों के वीकली ऑफ एडजस्टमेंट के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। एडजेस्टमेट के लिए अब विभाग के मेट्रॉन से अनुमति लेनी होगी। आउटसोर्स एजेंसी फ्रंटलाइन एनसीआर बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने विकली ऑफ से जुड़े नियमों में बदलाव करते हुए नई व्यवस्था लागू के है। पहले नर्सों अपनी जरूरतों या पारिवारिक कारणों के अनुसार अपने साथियों से आपसी सहमति बनाकर विकली ऑफ एडजस्ट कर लेती थीं। इससे अस्पताल में नर्सों की भारी कमी हो जाती थी और मरीजों की देखभाल व्यवस्था प्रभावित होती थी।

# सीसीएल कुजू क्षेत्र में स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**रांची ।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, कुजू क्षेत्र के तत्वावधान में स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के संदेश को लेकर स्कूली बच्चों द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता के महत्व, स्वच्छ वातावरण के लाभ और कूड़ेदान के सही उपयोग जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने इसे बड़ी ही सरल, रोचक और प्रेरक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा और सभी ने इसे उत्साहपूर्वक सराहा। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ़ जानकारी देना नहीं था, बल्कि समाज में स्वच्छता को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की प्रेरणा देना भी था। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समुदाय में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता लाने में बेहद सहायक होते हैं। सीसीएल परिवार ने इस आयोजन की सफलता को स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अधिकारियों ने कहा कि युवा पीढ़ी में इस प्रकार की सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी पैदा करना संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस कार्यक्रम ने स्पष्ट कर दिया कि शिक्षा और रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छता और समाज सेवा के संदेश को सरल और प्रभावशाली तरीके से लोगों तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे समाज में स्थायी और सकारात्मक बदलाव संभव है।

# काली पूजा के दौरान फायरिंग करनेवाला अब्दुल मन्नान को भेजा जेल, गांव में तनाव

संताल एक्सपेस

**गोविंदपुर (धनबाद)।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के खड़काबाद काली मंदिर में काली पूजा एवं मेला के दौरान सोमवार की रात पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान ने अपनी बंदूक से तीन चक्र फायरिंग की। इससे अफरा-तफरी मच गई और काली पूजा तथा मेला का रंग फीका पड़ गया। इस दौरान सांप्रदायिक दंगा भड़काने की कोशिश की गई। परंतु अमन पसंद लोगों की पहल पर मामला शांत कराया गया। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के पूर्व अब्दुल मन्नान के समर्थकों और पूजा आयोजकों में दो बार भिड़ंत हो चुकी थी। इसमें पूर्व



जिप सदस्य अब्दुल मन्नान समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। अब्दुल मन्नान आक्रोशित लोगों ने अब्दुल मन्नान के समर्थकों को खदेड़ कर घर में घुसा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती भी दल-बल के साथ पहुंचे। पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान को गिरफ्तार कर लिया गया।उसकी बंदूक भी जब्त कर ली गई और उन्हें मंगलवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में खड़काबाद की रीना शर्मा के आवेदन पर गोविंदपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना के बाद खड़काबाद में पुलिस चौकस है और गांव में पुलिस का पहरा बैठा दिया गया है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके। रीना शर्मा ने आवेदन में लिखा है कि खड़काबाद काली मंदिर में सोमवार शाम पूजा-अर्चना हो रही थी। मंदिर के पास मेला लगा हुआ था। वह शाम करीब सात बजे पूजा करने गई थी। पूजा स्थल पर काफी भीड़ थी। संध्या 7-30 बजे खड़काबाद के ही रहने वाले अब्दुल मन्नान, उसका बेटा अब्दुल नुमान तथा दो बाडीगार्ड साजिद एवं अमन और अब्दुल मन्नान का साला मुशर्रफ हरवे हथियार से लैस होकर मंदिर पहुंचे।

# प्रिंस खान और गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के गैंग ने मिलाया हाथ, सुजीत सिन्हा की पत्नी सहित पांच अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड में सक्रिय दो संगठित आपराधिक गिरोह एक साथ काम कर रहे हैं। कुख्यात प्रिंस खान और गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के गैंग एक साथ मिलकर झारखंड में अपराध की दुनिया में काम कर रहे हैं। रांची पुलिस ने यह खुलासा किया है। मामले में कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस की ओर से सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा सहित पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में इनामुल हक उर्फ बबलु खान, रवि आनंद उर्फ सिंघा, मो शाहिद उर्फ अफरीदी खान, मो सेराज उर्फ मदन और सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा शामिल हैं। इनके पास से तीन पिस्टल, सात मैगजीन, 13 जिंदा गोली, एक टाटा सफारी कार, एक आईफोन और



पांच एंड्रॉएड मोबाईल फोन बरामद किए गए हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बुधवार को प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और विदेश से अपने गैंग को हैंडल कर रहे प्रिंस खान ने एक दूसरे से हाथ मिला लिया है। जेल के बाहर सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा इस खतरनाक गठजोड़ वाले गैंग को संभाल रही थी। राजधानी रांची में हाल के दिनों में जो भी रंगदारी के कॉल प्रिंस खान के नाम पर किए गए थे। वह इस गठजोड़ का ही परिणाम था। यहां तक कि कोयलांचल शांति सेना को भी रिया सिन्हा के जरिये संचालित किया जा रहा था। रांची पुलिस के जरिये सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं चार अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि गहराई से पूछताछ करने पर गिरफ्तार व्यक्तियों ने बताया कि सुजीत सिन्हा और प्रिंस खान गैंग के पास हथियार और गोली पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से मोगा (पंजाब) के रास्ते आता है, उसी हथियार से रांची सहित देश के विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े कारोबारियों, पूंजीपतियों एवं व्यवसायियों में दहशत फैलाकर रंगदारी की वसूली करते हैं। उन्होंने बताया कि रांची में इनामुल हक उर्फ बबलु खान अपने गुर्गों के साथ मिलकर सुजीत सिन्हा और प्रिंस खान के लिए लेवी वसूली का काम करते हैं। इन लोगों के के जरिये वसूली गयी राशि को सुजीत सिन्हा के गुर्गों की मदद से प्रिंस खान तक पहुंचाया जाता था, जिसे प्रिंस खान की ओर से यूएई के रास्ते पाकिस्तान भेज दिया जाता था।

# नाराज प्रेमी ने नाबालिग प्रेमिका की दुष्कर्म के बाद की हत्या

**पलामू।**पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के लाईगा गांव में 17 अक्टूबर को तालाब से नाबालिग किशोरी के शव मिलने के पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में जानकारी देते हुए एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि मृतक नाबालिग किशोरी का गांव के ही अरुण कुमार नामक एक युवक के साथ प्रेम संबंध था, लेकिन कुछ महीनों से मृतिका आरोपी से बातचीत नहीं कर रही थी। इसी बीच आरोपी प्रेमी अरुण कमाने के लिए पंजाब चल गया था और कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था। इस बीच घटना के दिन आरोपी प्रेमी और मृतिका की मुलाकात हुई, जिसके बाद आरोपी ने मृतिका के साथ संबंध बनाया और फिर दुपट्टे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मामले में गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बाद आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने तालाब से मृतका का मोबाइल फोन और घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित कुएं से मृतिका का चप्पल

# मतदाता सूची में भाजपा फर्जी वोटरों के नाम जुड़वा रही है : अशोक चौधरी

**धनबाद।** चुनाव जीतने के लिए भाजपा वोटर लिस्ट में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध कर रही है। राहुल गांधी ने इसके लिए देशव्यापी अभियान चला रखा है। देश की जनता को भाजपा की इस गलत नीति के बारे में बताना जरूरी है। उक्त बातें कांग्रेस के धनबाद जिला पर्यवेक्षक अशोक चौधरी ने कही। अवसर था जिला कांग्रेस की ओर से आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान का। इसका आयोजन रणधीर वर्मा चौक पर किया गया था। अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

# जमीन मालिक के पक्ष में कोर्ट का फैसला, पांच दुकानें सील, हंगामा

**धनबाद।**धनबाद जिला प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर शहर के हीरापुर में बुधवार को संपत्ति विवाद से जुड़ा मामला निपटाते हुए जमीन मालिक के पक्ष में कार्रवाई की।मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पांच दुकानों को खाली कराकर सील कर दिया गया। दुकानदारों ने विरोध जताते हुए जमकर हंगामा किया, जिससे वहां अफरातफरी की स्थिति बन गई।अंत में पुलिस ने मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद स्थिति को संभाला। जमीन मालिक भगवान सिंह ने बताया कि उन्होंने यह संपत्ति वर्ष 2000 में खरीदी थी। उस समय दुकानों में पहले से किरायेदार थे।जब उसने किरायेदारों से किराया बढ़ाने और अद्यतन भुगतान की बात कही, तो विवाद उत्पन्न हो गया।इसके बाद मामला 2019 से कोर्ट में विचाराधीन था।कोर्ट ने हाल ही में उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए पांच दुकानों को खाली कराने का आदेश दिया।इसके बाद बुधवार को मजिस्ट्रेट, सदर थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दुकानों को सील कर दिया गया।

# कुलगो टोल प्लाजा पर नाबालिग ने लहराई पिस्टल

**गिरिडीह।**डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो टोल प्लाजा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ अज्ञात युवकों के बीच विवाद के दौरान एक नाबालिग ने पिस्टल निकाल ली। अचानक हथियार लहराते देख वहां मौजूद लोग भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगे।जिसके बाद घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और डुमरी एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस दल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की।जांच में पता चला कि विवाद के दौरान नाबालिग ने पिस्टल से एक गोली भी चला दी।हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। उसके पास से एक यूएसए मेड पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि नाबालिग पिछले कुछ दिनों से अवैध पिस्टल लेकर घूम रहा था और टोल प्लाजा पर हुई बहस के दौरान आवेश में आकर उसने फायरिंग कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है कि नाबालिग के पास से यूएसए मेड पिस्टल कहां से आयी और किसने दिया है।

# छठ पूजा की तैयारी तेज, डीसी और एसएसपी ने किया घाटों का निरीक्षण

**धनबाद।**लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा अब बस कुछ ही दिनों दूर है। पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने शहर के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई, सुरक्षा तथा प्रकाश व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।डीसी और एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान राजेंद्र सरोवर तालाब का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निवर्तमान पार्षदों ने राजेंद्र सरोवर में बोट की व्यवस्था की मांग भी उपायुक्त के समक्ष रखी, जिस पर उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि जिन तालाबों में पानी अधिक गहरा है, वहां बैरिकेडिंग की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# मासूम से घिनौना कार्य, जेलकर्मी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में नौ वर्षीय बच्ची के साथ घिनौना कार्य का मामला सामने आया है। आरोपित संजय कुमार सिंह (55), जो घाघीडीह जेल में कक्षपाल के पद पर कार्यरत है, ने मासूम को बहला-फुसलाकर तीन मंजिला इमारत की छत पर ले जाकर घिनौना कार्य किया।मामले का खुलासा तब हुआ जब मंगलवार शाम को बच्ची के व्यवहार में बदलाव देखकर परिजनों को शक हुआ। उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई, जिसमें आरोपित को बच्ची के साथ भालूबासा चौक के पास एक दुकान के सामने जाते हुए देखा गया। फुटेज देखने के बाद परिजन और स्थानीय लोग गुस्से में आरोपित के घर पहुंचे और उसे पकड़ लिया। भीड़ ने आरोपित की जमकर पिटाई की।

# मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने के विरोध में प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

**पलामू।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर न्यायालय परिसर में जूता फेंके जाने और ग्वालियर में अनिल मिश्रा की ओर से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर अंबेडकर चेतना परिषद और यूनाइटेड मिल्ली फोरम ने विरोध जताया। दोनों संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुधवार को जपला में जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोनों संगठनों ने कहा कि यह घटनाएं




निंदनीय, अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक हैं। ऐसे कृत्यों से न केवल समाज की भावनाएं आहत होती हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और शांति भी भंग होने का खतरा उत्पन्न होता है। संगठनों के सदस्यों ने प्रशासन से मांग की है कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले व्यक्ति और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अनिल मिश्रा को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# भेलाटांड में डायरिया का प्रकोप, बच्चे की मौत

**धनबाद।**धनबाद के जिले के सिजुआ क्षेत्र के वार्ड 6 अंतर्गत भेलाटांड बस्ती में डायरिया फैल गया है। डायरिया से पीड़ित चार साल के एक बच्चे की बुधवार को मौत हो गई। जबकि करीब एक दर्जन लोग इस बीमारी से आक्रांत हैं।सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गांव में मेडिकल कैंप लगाकर जांच और उपचार शुरू किया।स्थानीय लोगों के अनुसार मंगलवार देर रात से कई लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उल्टी-दस्त और बुखार की शिकायत पर परिजनों ने जब बुधवार को स्वास्थ्य केंद्रों का रुख किया तब जाकर डायरिया के फैलने की पुष्टि हुई। गांव के सूरज महतो ने बताया कि डायरिया से एक दर्जन से अधिक लोग पीड़ित हैं. इनमें कुछ की हालत खराब है।इससे पूरे गांव में दहशत का माहौल है। उन्होंने बताया की जानकारी मिलने पर टुंडी विधायक मथुरा महतो ने सिविल सर्जन को फोन कर गांव में तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बस्ती में मेडिकल कैंप लगाकर पीड़ितों का इलाज किया।जांच में पांच महिलाओं में गंभीर लक्षण पाए जाने पर उन्हें एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर किया गया।अन्य मरीजों को दवाएं दी गईं और डायरिया से बचाव के तरीके बताए गए। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती में सिर्फ एक ही कुआं है।यहां टाटा कंपनी के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है। गांव के लोग इसी पानी का उपयोग पीने और अन्य जरूरतों के लिए करते हैं।ग्रामीणों का अनुमान है कि प्रदूषित पानी ही डायरिया फैलने का मुख्य कारण हो सकता है।फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया है और लोगों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी है।

# गोलीबारी व रंगदारी मांगने के मामले में अपराधी सुजीत सिन्हा की पत्नी गिरफ्तार

**रांची।**गोलाबारी और रंगदारी मांगने के मामले में अपराधी सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा गिरफ्तार हुई है। सुजीत सिन्हा वर्तमान में साहेबगंज जेल में बंद है। उल्लेखनीय है कि डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्यभामा अपार्टमेंट के बाहर हुई हवाई फायरिंग की घटना हुई थी।इस मामले में रिया सिन्हा की संलिप्तता सामने आई थी।जिसके बाद पुलिस की टीम ने रिया सिन्हा को गिरफ्तार किया है।इससे पहले भी कई बार रिया सिन्हा गिरफ्तार होकर जेल जा चुकी है।रांची पुलिस की टीम की जांच में खुलासा हुआ है, कि रांची में कारोबारियों को धमकाने और लेवी वसूलने के लिए अपराधी प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा गिरोह ने आपस में हाथ मिला लिया है।

# डीसी एसएसपी ने छठ घाटों के निरीक्षण किया



**धनबाद ।** छठ पूजा की तैयारियों को जिला प्रशासन अंतिम रूप देने में लगा है। तैयारियों का जायजा लेने डीसी आदित्य रंजन तथा एसएसपी प्रभात कुमार अधिकारियों के साथ निकले। विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।दोनों अधिकारी बेकारबांध तालाब, पम्पू तालाब, मनईटॉड छठ तालाब, राजा तालाब झरिया, दामोदर नदी लालबंगला सिंदरी, मोहलबनी घाट, विकास नगर तालाब, समेत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि छठ पूजा से पहले सफाई और जमीन का समतलीकरण पूरी तरह से किया जाए। नदी व तालाब से कचरा हटाने को भी कहा गया है। लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। सुरक्षा के लिए छठ घाटों में आवश्कता अनुसार गहरे पानी वाले हिस्सों में बैरिकेडिंग की गई है, ताकि बच्चे और बुजुर्ग सुरक्षित रहें और किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। इसके अलावा गोताखोरों की टीम तथा मेडिकल की टीम भी घाटों पर तैनात रहेगी।


# बीएसएल स्टील मेल्टिंग शॉप में दो कर्मी झुलसे

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप-1 में अचानक हुए इलेक्ट्रिकल फ्लैश से दो कर्मी झुलस गए। हादसे के बाद दोनों को तत्काल बोकारो जनरल हॉस्पिटल ( बीजीएच ) में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, स्टील मेल्टिंग शॉप-1 के एरिया रिपेयर शॉप में हुआ। काम के दौरान अचानक इलेक्ट्रिकल फ्लैश होने से बीएसएल कर्मी देवब्रत यादव (36) और एक शक्तिपद बावरी, ठेका मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों के हाथ और चेहरे पर जख्म आए हैं।सूत्रों के मुताबिक, हादसे के समय मरम्मत कार्य चल रहा था। अचानक बिजली के संपर्क में आने से तेज फ्लैश हुआ, जिसकी चपेट में दोनों आ गए। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई और तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।इस हादसे के बाद एक बार फिर बीएसएल में इंडस्ट्रियल सेफ्टी को लेकर सवाल उठने लगे हैं।फिलहाल प्रबंधन की ओर से जांच शुरू कर दी गई है। वहीं घटना के बाद उपायुक्त अजय नाथ झा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ चास प्रांजल ढांडा को निर्देश दिया है कि वे बीएसएल प्रबंधन से घटना की विस्तृत रिपोर्ट अविलंब प्राप्त कर प्रशासन को प्रतिवेदन सौंपें।घायलों की पहचान देवब्रत यादव (बीएसएल कर्मी) और शक्ति पद कुमार बाउरी (ठेका श्रमिक) के रूप में की गई है। दोनों को तत्काल बोकारो जनरल हॉस्पिटल (बीजीएच) ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।उपायुक्त ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह की गिरफ्तारी ,झामुमो और राजद के बीच बढ़ी खटास

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच सासाराम से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी सत्येंद्र साह की गिरफ्तारी ने राजनीतिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है। झारखंड पुलिस ने 20 वर्ष पुराने मामले में साह को गिरफ्तार किया, इस राजद ने राजनीतिक साजिश बताया है। इस कार्रवाई से गठबंधन के अंदर खाई और गहरा गई है। राजद ने इसपर सवाल खड़े कर नाराजगी जाहिर की है। बीते 20 अक्टूबर को सत्येंद्र साह सासाराम विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद गिरफ्तार किए। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही झारखंड पुलिस की टीम ने गैर जमानती वारंट के आधार पर उन्हें हिरासत में लिया। साह के खिलाफ विभिन्न थानों में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन से जुड़ मामले दर्ज हैं। घटना को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राजद के बीच बढ़ती खटास से जोड़ा जा रहा है। बिहार चुनावों में सीट बंटवारे पर सहमति न बन पाने के कारण झामुमो ने महागठबंधन से किनारा किया था। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार ने राजद और कांग्रेस पर राजनीतिक साजिश का आरोप लगाकर कहा कि हमें धोखा दिया।

# आईआईसीएम कर्मियों को कोल वेज नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण : अजय



**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) श्रमिक संघ की बैठक कांके स्थित आईआईसीएम परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अजय राय ने की। बैठक में संस्थान के कर्मचारियों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आईआईसीएम प्रबंधन का रवैया पूरी तरह तुगलकशाही और मनमाना होता जा रहा है। रेगुलराइजेशन तो दूर, अभी तक कर्मचारियों को उनका कोल वेज तक नहीं दिया गया है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि संस्थान के कर्मियों ने हमेशा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम किया है। लेकिन प्रबंधन उनकी मेहनत और अधिकारों की अनदेखी कर रहा है। अगर जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो संघ व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।

## कबड्डी खिलाड़ी बोकारो के लिए रवाना



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के कबड्डी खिलाड़ी बुधवार को तीन दिवसीय सब-जूनियर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बोकारो रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 22 से 24 अक्टूबर तक एमजीएम सेकेंडरी हाई स्कूल, बोकारो में आयोजित की जाएगी। टीम की कमान कप्तान पवन रवानी के हाथों में होगी। उनके साथ रोहित कुमार, प्रिंस कुमार, विशाल कुमार, विकास कुमार, आयुष राज, कुश कुमार, प्रभात रावत, अंश कुमार, ओंकार दे, सोहन कुमार शर्मा, अमन रवानी और जयंत मंडल मैदान में जामताड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम के कोच व मैनेजर के रूप में रोहित ओझा, राजकमल सिंह और आलोक तुरी शामिल हैं। खिलाड़ियों को रवाना करने के अवसर पर जामताड़ा जिला कबड्डी संघ की अध्यक्ष मीरा मिश्रा, सचिव रोहित कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष बरनवाल, संरक्षक अरविंद कुमार ओझा तथा ओमप्रकाश कबड्डी अकादमी के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जामताड़ा के युवा खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें।

## गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** मोहजोड़ी स्थित गिरधारी मंदिर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर भक्तिमय वातावरण में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक पुरोहितों द्वारा विधि-विधानपूर्वक भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। भगवान को 56 प्रकार के भोग अर्पित कर भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा उपरांत मंदिर परिसर में महंत एवं भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने गिरधारी मंदिर की परिक्रमा करते हुए अन्न और गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई तथा रोली, चावल, खीर, बताशा, जल, दूध, पान, शेखर और फूल आदि से पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में मच्छप महोत्सव एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर 'जय श्रीकृष्ण' और 'गोवर्धन महाराज की जय' के जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन के सफल संचालन में गिरधारी मंदिर कमिटी के सदस्यों तथा सेवादाता कृष्ण चंद्र महतो, गुरु पद महतो, डॉक्टर उत्तम कुमार मंडल ,दिलीप दे ,श्रीमती रीता सिंह, सपन कुमार मंडल, श्रवण कुमार महतो ,असित कुमार यादव ,प्रकाश चंद्र मंडल, ध्रुव लाल महतो, निताई महतो आदि की सक्रिय भूमिका रही ।

## धूमधाम से की गई गोवर्धन पूजा

**फतेहपुर (जामताड़ा)।** फतेहपुर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को गोवर्धन पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करतीं हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती है। इस तरह गौ को संपूर्ण मानव जाति के लिए आदरणीय माना जाता है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोवर्धन की पूजा की जाती है। जानकार बताते हैं कि हजारों साल पहले आज ही के दिन इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने अपना अलौकिक अवतार दिखाते हुए गोवर्धन पर्वत को अपनी हाथ की तर्जनी व अंगुली पर उठाकर इंद्र के घमंड को चूर-चूर किया था। इस अवसर पर गायों को नहला-धुलाकर खूब सजाया-संवारा जाता है। तत्पश्चात गाय की पूजा कर उनकी आरती भी उतारी जाती है।

## प्रशासनिक सहयोग हेतु आदिवासी युवा संगठन ने थाने में मांगपत्र सौंपा



**कुंडहित (जामताड़ा)।** आदिवासी युवा संगठन, कुंडहित इकाई द्वारा प्रशासनिक सहयोग हेतु कुंडहित थाने में मांग पत्र सौंपा। अध्यक्ष एंथनी किस्कू के अध्यक्षता में संगठन के दर्जनों सदस्यों ने कुंडहित थाना पहुंचकर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार को प्रशासनिक सहयोग हेतु मांग पत्र सौंपा। सौपे गयी मांग पत्र में प्रशासन से संगठन के विस्तार, युवा एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता के मुद्दों पर चर्चा किया गया। यह संगठन पूरी तरह से गैर राजनीतिक एवं जनहितकारी है । जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के सर्वांगीण विकास और युवाओं को सशक्तिकारण के लिए कार्य करना है। सचिव अक्षय मरांडी ने बताया पहले नए सदस्य को संगठन में शामिल किया जा रहा है, जिनके जुड़ने से संगठन की शक्ति और उत्साह दोनों में वृद्धि हुई। इसके बाद संगठन के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा संगठन के उद्देश्य और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा किया जाएगा। साथ ही, युवाओं को नए अवसरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिससे आदिवासी युवाओं के बीच सहयोग, भाईचारा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और मज़बूत किया जा सके। मौके पर संगठन के सचिव अक्षय मरांडी , सभाकर प्रबीण किस्कू, कोषाध्यक्ष मंगल हेम्बरम, बाबूलाल हेंब्रम, रूपधन हांसदा, बन बिहारी मुर्मू, राजीव मरांडी ,पवन सोरेन, विजय हेंब्रम सहित अनेकों सदस्य उपस्थित थें।

## धूमधाम से की गई गोवर्धन पूजा

**फतेहपुर (जामताड़ा)।** फतेहपुर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को गोवर्धन पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करतीं हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती है। इस तरह गौ को संपूर्ण मानव जाति के लिए आदरणीय माना जाता है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोवर्धन की पूजा की जाती है। जानकार बताते हैं कि हजारों साल पहले आज ही के दिन इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने अपना अलौकिक अवतार दिखाते हुए गोवर्धन पर्वत को अपनी हाथ की तर्जनी व अंगुली पर उठाकर इंद्र के घमंड को चूर-चूर किया था। इस अवसर पर गायों को नहला-धुलाकर खूब सजाया-संवारा जाता है। तत्पश्चात गाय की पूजा कर उनकी आरती भी उतारी जाती है।

## दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का हुआ शुभारंभ

**बसंतराय ।** प्रखंड क्षेत्र के राहा पंचायत स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान में को-केयर फाउंडेशन कोरियाना के तत्वावधान में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट एवं वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय मुखिया सुशीला देवी, जिला पार्षद मो. एहतेशाम उल हक, आजाद स्पोर्ट्स एण्ड यूथ क्लब के केंद्रीय अध्यक्ष मो. सुलेमान जहांगीर आजाद, अब्दुल कयूम एवं को-केयर फाउंडेशन टीम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता को-केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष इंजीनियर मो. इमरान ने की, जबकि मंच संचालन अल-फलाह अकैडमी राहा के शिक्षक अत्ताउल्लाह ने किया। संचालन की जिम्मेदारी इंजीनियर मो. फैयाज आलम के पास रही। मुखिया सुशीला देवी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल को बढ़ाते हैं बल्कि समाज में अनुशासन, एकता और भाईचारे की भावना भी जगाते हैं। उन्होंने कहा कि राहा पंचायत की धरती अब शिक्षा और खेल दोनों में नई पहचान बना रही है। जिला पार्षद मो. एहतेशाम उल हक ने कहा कि नौजवानों के साथ मिलकर समाज में समरसता और भाईचारा बढ़ाने का कार्य स्पोर्ट्स मीट जैसे आयोजनों से ही संभव है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मो. अब्दुल कयूम नईमी, मो. मुबारक हुसैन और डॉ. शम्स तबरेज मंच पर उपस्थित रहे। वॉलीबॉल के उद्घाटन मैच में अवतार न्यूज़ टीम बनाम ललमटिया के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अवतार न्यूज़ की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। पूरे आयोजन को सफल और आकर्षक बनाने में अब्दुल अजीज, दिवाकर कुमार शर्मा, नसीम सरफराज एवं फाउंडेशन के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही।

# डीडीसी सहित अन्य अधिकारियों ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस



**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजलि यादव के निर्देश के आलोक में उपविकास आयुक्त, दीपक कुमार दूबे के द्वारा शहरी क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया गया।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद जयसवाल, नगर प्रशासक सह जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, सिटी मैनेजर रोहित कुमार गुप्ता उपस्थित थे। इस दौरान मूलर्स टैंक, शिवगंगा तालाब शिवपुर, राज कचहरी तालाब रौतारा, कछिया नदी एवं गोढ़ी तालाब के घाटों की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी घाटों की साफ-सफाई, चेंजिंग रूम निर्माण, बेरिकेडिंग, डेंजर जोन की पहचान, विद्युत व्यवस्था और पहुंच पथ की मरम्मती समय पर पूरी की जाए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिए जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ड्यूटी प्लान समय से तैयार कर लिया जाए साथ ही साथ ही डेंजर जोन में पर्याप्त चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने बताया कि यह निरीक्षण प्रशासनिक तैयारियों के प्रारंभिक चरण का हिस्सा है। आगामी दिनों में सभी छठ पूजा समिति के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। ज्ञात हो कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में विभिन्न प्रखंडों में भी संबंधित अधिकारियों के द्वारा छठ घाटों निरीक्षण कर छठ घाट की साफ सफाई के विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। ताकि छठ पूजा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दम, एडीवीसी असताकुंदा बनी फुटबॉल चैंपियन

संताल एक्सप्रेस



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिला के दुलाडीह फुटबॉल मैदान में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का सफल समापन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना जागृत करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का उद्घाटन साइबर थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक बिहारी मरांडी, और मेरा युवा भारत के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी और एथलेटिक्स के मुकाबले हुए, जिनमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फुटबॉल फाइनल में एडीवीसी असताकुंदा ने डीडीएफसी मुर्गाबानी को हराकर खिताब अपने नाम किया। एथलेटिक्स 400 मीटर दौड़ में महेश्वर टुडू प्रथम, शिवलाल टुडू द्वितीय और शिव सोरेन तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में बाहामुनी किस्कू ने प्रथम, भगवती हांसदा द्वितीय और मोनिका मुर्मू तृतीय स्थान पाया। स्किपिंग रोप में प्रमिला मुर्मू प्रथम, सरस्वती सोरेन द्वितीय और जमुना सोरेन तृतीय रहीं। कबड्डी महिला वर्ग में नाला टीम विजेता और जामताड़ा टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में जामताड़ा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश मुर्मू, राजेंद्र शर्मा (पूर्व रेड क्रॉस सोसाइटी), अंजलि मिंज, आश्रिता एक्का, लखि कोल, उदय कुमार लेखा, मिथुन महतो और सुरेश मिस्त्री सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## माँझी परगाना सरदार महासभा की बैठक



**जामताड़ा।** माँझी परगाना सरदार महासभा प्रखंड समिति, नारायणपुर की ओर से आगामी 24 अक्टूबर को प्रखंड कार्यालय के समक्ष होने वाले धरना कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को कुर्ता पंचायत के कुर्ता गाँव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गाँव के माँझी बसंत मुर्मू ने की। इस बैठक में नयाडीह, कुर्ता, चंदाडीह, लखनपुर और बुधुडीह पंचायतों के विभिन्न गाँवों के माँझी, नाईकी, प्राणिक, भद्दो, कुडाम नाईकी, लासेरसाल, गोडित सहित कई पारंपरिक पदधारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में माँझी परगाना सरदार महासभा के संरक्षक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक सुनील कुमार बास्की तथा जामताड़ा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार हांसदा उपस्थित रहे।सुनील कुमार बास्की ने कहा कि संताल समाज के स्वशासन पदों पर बाहरी हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जिससे समाज की परंपरा खतरे में है। सभी को एकजुट होकर 24 तारीख के धरना में शामिल होना चाहिए। वहीं, सुनील कुमार हांसदा ने कहा कि सरकार संताल सिविल रूल्स 1946 और संताल परगाना जस्टिस रेग्युलेशन 1893 में संशोधन की साजिश रच रही है, जो हमारी पहचान पर हमला है। बैठक में पूर्व मुखिया रविंद्र हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष सज्जन कुमार मुर्मू, सचिव संजीत हेम्ब्रम समेत अनेक माँझी, नाईकी और प्राणिक पदधारी उपस्थित रहे।

## छठ पूजा को लेकर सफाई अभियान



**जामताड़ा।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जामताड़ा नगर में सफाई अभियान तेज़ी से जारी है। नगर पंचायत के तत्वावधान में सभी छठ घाटों पर स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने स्वयं सफाई कार्य में हिस्सा लेकर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। वे गायछांद स्थित छठ घाट पहुंचे, जहाँ उन्होंने नगरकर्मियों और छठ पूजा समिति के सदस्यों के साथ कुदाल और फावड़ा उठाकर गाद निकाली। इस दौरान उन्होंने कहा कि, ÷छठ पूजा केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी आस्था, एकता और स्वच्छता का प्रतीक है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस अभियान को सफल बनाने में जुटा हूँ ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वीरेंद्र मंडल ने बताया कि सभी छठ घाटों पर ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, चुना डालने, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और पेयजल सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे भी इस जनसहभागिता अभियान में शामिल होकर स्वच्छ और सुरक्षित छठ पर्व मनाने में योगदान दें। इस अवसर पर नगर पंचायत अधिकारी, वार्ड पार्षद, छठ पूजा समिति सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो व्यक्ति घायल

**महगामा गोड्डा/** महागामा गोड्डा मुख्यमार्ग स्थित जाताकोठी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुधवार को मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना ललमटिया थाना को दी गई। सूचना पाकर पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को महागामा रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर सोनाली कुमारी के द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल का नाम बबलू लोहार, उम्र तकरीबन 35 वर्ष, पिता गंगाधर लोहार एवं दूसरा घायल का नाम सुधीर लोहार, उम्र तकरीबन 32वर्ष, पिता विलाश लोहार दोनों ललमटिया थाना क्षेत्र के लोहंडिया गांव के रहने वाले हैं। घटना के संबंध बताया जाता है कि बबलू लोहार एवं सुधीर लोहार मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने सम्बन्धी से मिलने जाताकोठी जा रहे थे। उसी क्रम में अचानक तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने पीछे से धक्का मार दिया। जिसके कारण यह दोनों बुरी तरह घायल हो गए।

## चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**मिहिजाम।** कालीपूजा के अवसर पर बुधवार को आम बागान कालीमंदिर परिसर रंगों और भक्ति से सराबोर हो उठा। इस मौके पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में चार वर्ष से लेकर वयस्क तक के 55 प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने देवी काली की विविध छवियों को कैनवास पर उकेरकर अपनी आस्था और कल्पनाशक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या 3 की निवर्तमान पार्षद मनीषा महतो और वार्ड संख्या 1 के निवर्तमान पार्षद विष्णु देव मुर्मू उपस्थित रहे।

## मां काली की प्रतिमा का विसर्जन




**जामताड़ा।** शहर के मिहिजाम रोड ओवर ब्रिज स्थित मां श्यामा काली पूजा समिति और गायछंद काली पूजा समिति ने बुधवार की देर रात मां काली की प्रतिमा का विधिपूर्वक विसर्जन किया। इससे पहले महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की और मां काली का श्रृंगार कर विदाई की तैयारी की। श्रद्धालुओं ने अश्रुपूरित भावनाओं के साथ मां काली को अंतिम श्रद्धांजलि दी। विसर्जन जुलूस में ढोल, नगाड़े और भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंज रही थी। शोभायात्रा पूरे गांव में घूमते हुए स्थानीय तालाब पर पहुंची, जहाँ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से चंदना साहा, भारती साहा, गुड्डु साहा, अभिषेक साहा, केबू साहा, झंटू साहा, सुशील मांझी, श्रीकांत मांझी, चंचल पाल, जीतू पाल, मिठून पाल, प्रसेनजीत पाल, विश्वजीत पाल, श्रीतिक पाल, रमेश साव, शंकर साव, अमित साव, आकाश साव, कृष्णा साव, सूरज साव, चंदन साव, शिबू साव, दीपू साव, प्रकाश साव, गोविंद साव, गोपाल साव मौजूद रहे।

## रेलवे फुटबॉल लीग का धमाकेदार आगाज, चिरेका ने आरडब्ल्यूएफ को 4-1 से हराया



**चित्तरंजन।** भारतीय रेलवे की प्रमुख लोकोमोटिव निर्माण इकाई चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना में बुधवार को 80वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैम्पियनशिप (लीग चरण) 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। रेल नगरी स्थित इंडोर स्टेडियम में उद्घाटन अवसर पर चिरेका के प्रमुख विभागों के अध्यक्ष और खेलकूद संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता ए.के. मेशराम, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक ने की, जबकि खेलकूद संगठन के महासचिव रविंद्र प्रसाद सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में चिरेका के अलावा सीआर, एनएफआर, आरसीएफ, आरडब्ल्यूएल, डब्ल्यूआर, एसईआर, एनआर, आरपीएफ, ईसीआर, आरबी, एसडब्ल्यूआर जैसी रेलवे जोनों और इकाइयों की टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मैच में चिरेका टीम ने आरडब्ल्यूएफ को 4-1 गोल से हराकर शानदार जीत दर्ज की, जबकि केंद्रीय रेलवे ने दक्षिण रेलवे को 3-1 से पराजित किया। तीसरे मैच में आरसीएफ ने एनएफआर को 1-0 से मात दी।

## एचबीएनसी के तहत किया गया गृह भ्रमण



**नाला (जामताड़ा)।** बुधवार को घुसरूकाटा सहित विभिन्न जगहों में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा एचबीएनसी के तहत गृह भ्रमण किया गया । इस दौरान नवजात बच्चों की देखभाल को लेकर विभिन्न गतिविधियों की जांच की गई।इस दौरान 28 दिन के नवजात शिशु का वजन, तापमान के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही धात्री माताओं को बंध्याकरण, साफ-सफाई आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा टीकाकरण की स्थिति तथा बच्चा वृद्धि चार्ट में किस वर्ग में है आदि की जानकारी प्राप्त की गई। इस क्रम में बच्चों को 6 माह तक स्तनपान कराने का सुझाव दिया गया। मौके पर सहिया साथी बबीता भुंई ,सहिया माला हेंब्रम सहित अन्य सहिया तथा ग्रामीण मौजूद थे।

## विधि- विधान से सम्पन्न हुआ माता बम काली की पूजा



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** शहर के जयप्रकाश नगर स्थित प्रसिद्ध बम काली मंदिर में तीन दिनों तक चला काली पूजा महोत्सव रविवार को विधि विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। दीपावली के दिन मां काली की पूजा अर्चना पूरे श्रद्धा और परंपरा के साथ की गई। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूजा अनुष्ठान के तीसरे दिन बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन किया गया। हवन में मंदिर समिति के सदस्यों के साथ आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। परंपरा के अनुसार देवी देवताओं को भोग अर्पित किया गया और समस्त कल्याण की कामना की गई। देर शाम प्रतिमा विसर्जन जुलूस की तैयारी की गई, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। दूर दराज से श्रद्धालु यहां मां काली के दर्शन और आशीर्वाद पाने पहुंचते हैं। काली पूजा के दौरान पूरा इलाका भक्ति और उल्लास के माहौल में डूब गया। बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी पूजा में शामिल हुए।

## छठ पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था विश्वास के साथ मनाया जाने वाला लोक आस्था का महान पर्व छठ की तैयारी शुरू हो गई है। श्रद्धालु संबंधित नदी-तालाब सहित अन्य जलाशय में सोमवार की संध्या अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसको लेकर जिला मुख्यालय की छठ घाटों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। छठ व्रत में सफाई का अधिक महत्व है। इसलिए हर जगह छठ पर्व में सफाई का एक अभियान चल रहा है। छठ में जहां गंदगी का अंबार सालोंभर रहता है वह स्थान भी मनोरम बन जाता है।इसी से छठ पर्व में श्रद्धा व स्वच्छता परिलक्षित होता है। छठ पूजा को सफल बनाने को लेकर व्रतियों व श्रद्धालुओं द्वारा पूजन सामग्रियों की खरीददारी जारी है।छठ महापर्व को लेकर खरीददारी का दौर जारी है। हाट- बाजारों में पूजन सामग्री सहित छठ व्रत में लगने वाली सभी वस्तुओं की दर्जनों दुकानें सजी हुई है। जहां खरीददारी को लेकर भारी भीड़ लगी हुई है। बाजार में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के नदी घाट, राजकचहरी सरोवर, शिवगंगा सरोवर, मूलर्स टैंक एवं गांधीनगर पोखर की नगर परिषद की ओर से बेहतर सफाई कराई गई है। राजकचहरी घाट, शिवगंगा तालाब व मूलर्स टैंक घाट को दुल्हन की तरह सजाने की कवायद शुरु कर दिया गया है। घाटों पर रोशनी व पूजन सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

## मां काली प्रतिमा विसर्जन



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय के काली मंदिरों में स्थापित देवी भगवती मां काली की प्रतिमा बुधवार को भव्य शोभा यात्रा के बीच जल को समर्पित कर दिया गया। शोभा यात्रा के दौरान माता काली की एक झलक पाने को लेकर सड़कों के किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। श्रद्धालुओं ने माता को सिंदुर, मिठाई व अगरबत्ती से आराधना की और अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम बिदाई दी। शोभा यात्रा के वाहनों पर एक स्वर से बज रहे गीत आउंगी- आउंगी अगली बरस फिर आउंगी सहित अन्य गीतों ने तो माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। जिला मुख्यालय में गंगटा काली मंदिर, चपरासी टोला स्थित काली मंदिर, बड़ी काली मंदिर, बम काली मंदिर, भीमा काली मंदिर रौतारा की प्रतिमा को शोभा यात्रा में शामिल किया जाता है। इसके लिए दोपहर बाद से ही सभी मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो जाती है। विसर्जन में शांति व्यवस्थ् के लिए पुलिस बल को भारी मशक्कत करनी पड़ी । शोभा यात्रा के दौरान हो रहे जयघोष से सारा वातावरण गुंजायमान हो रहा है।

## छठ पूजा को लेकर सफाई अभियान



**मिहिजाम।** आगामी छठ महापर्व को लेकर मिहिजाम में तैयारियां जोरों पर हैं। नगर के सभी छठ घाटों पर सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया और सफाई कार्य का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने अनोखी मिसाल पेश करते हुए खुद तालाब में उतरकर पुलिस बल के साथ सफाई अभियान चलाया और कुदाल से गाद निकाली। उन्होंने कहा, छठ मिहिजाम की आस्था और एकता का पर्व है, इसे सभी धर्मों और जातियों से ऊपर उठकर मिलजुलकर मनाना चाहिए। वहीं कानगोई छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश पंडित ने बताया कि समिति और स्थानीय लोग मिलकर घाटों की व्यवस्था को अंतिम रूप दे रहे हैं, ताकि छठव्रतियों को कोई असुविधा न हो।

## मां काली को नम आंखों से दी गई विदाई

**महागामा ।** प्रखंड अंतर्गत ऊर्जा नगर में बुधवार को भक्तिमय वातावरण के बीच मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मां की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। जय मां काली, अगली बार जल्दी आना के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में फूल-मालाएं अर्पित कर अगली बार पुनः आगमन की कामना की। ऊर्जा नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि इस वर्ष मां काली पूजा पूरी श्रद्धा, आस्था और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि समिति के सभी सदस्यों, युवाओं और भक्तों के सहयोग से आयोजन भव्य और शांतिपूर्ण रहा। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की गूंज ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने मां की आरती उतारते हुए विदाई दी, वहीं युवा झूमते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल रहे। विसर्जन के समय सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। पुलिस और नगर पंचायत की टीम ने लगातार निगरानी रखी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सामूहिक सहयोग की झलक देखने को मिली। ऊर्जा नगर की मां काली पूजा समिति ने न सिर्फ भक्ति और श्रद्धा का संदेश दिया, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द का प्रतीक बन गई। मौके पर उपस्थित काली पूजा कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंह, रविकांत सिंह, डोमन महतो, देवनारायण लायक, प्रदीप राय मनीष भगत, राजेश महतो, राजकुमार इत्यादि सभी ऊर्जा नगर एवं ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।

## बहुत ही नाजुक डोर से बंधा पाक-अफगान सीजफायर

दुनियां आज उस दौर से गुजर रही है, जहां चारों ओर बारुद के ढेर पर खड़े होकर आग का तमाशा दिखाने और देखने वालों का मजमा लगा हुआ है। ऐसे में शांतिप्रिय देशों और उनके लीडरों को आगे आना चाहिए, ताकि तृतीय विश्वयुद्ध की आशंकाओं से दुनियां को बाहर निकाला जा सके। यह अलग बात है कि जो देश और लीडर शांति स्थापित करने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं वो भी किसी न किसी रुप में युद्ध में उलझे नजर आते हैं। चिंता की बात तो यह भी है, कि जो शक्तिसंपन्न राष्ट्र हैं वो भी बात तो शांति की करते हैं, लेकिन युद्ध को जारी रखने और ज्यादा भयावह बनाने के लिए जरुरत से ज्यादा जंग का साजो-सामान मुहैया कराने से गुरेज भी नहीं कर रहे हैं। नतीजा यह, कि विकासशील और अविकसित छोटे-छोटे देश भी कर्ज लेकर खुद को सामरिक तौर पर मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। इस स्थिति में शांति के साथ दुनियां को बेहतर भविष्य देने वालों का हाल क्या होगा, आसानी से समझा जा सकता है। यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि बारुद के ढेर को उड़ाने के लिए माचिस की एक तिली ही काफी होती है, लेकिन उस आग को काबू पाने में तमाम कोशिशें नाकाम साबित हो जाती हैं। इसलिए बारुद का ढेर बनाने और उस पर नाचने वालों को रोकना होगा। इसके लिए सबसे पहले जरुरी हो जाता है कि पड़ोसी मुल्क जंग में उतरने की बजाय मानवता के नाम पर शांति और सहअस्तित्व को अपनाते हुए शांतिपथ पर अग्रसर हों। फिर चाहे वह रुस और यूक्रेन की जंग हो या फिर गाजा में इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते के बाद हो रहे हमले हों, इन्हें रुकना ही चाहिए। जहां तक पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष की बात है तो इसे भी समय रहते रोका जाना चाहिए, क्योंकि इसकी आंच पड़ोसी देशों तक पहुंचने में देर नहीं करेगी। राहत की बात यह है, कि हाल ही में हुए खूनी संघर्ष के बाद दोनों देशों ने एक अस्थायी युद्धविराम (सीजफायर) पर सहमति तो बना ली है, लेकिन यह समझौता उतना ही कमजोर और अस्थिर है जितनी कि किसी नाजुक डोर पर तेज हवा में अठखेलियां करती पतंग। पाकिस्तान ने खुद स्वीकार किया है कि यह सीजफायर बहुत नाजुक लाइन पर टिका हुआ है। वहीं अफगानिस्तान ने साफ शब्दों में कहा है, कि पाकिस्तान अपने ही राजनीतिक विरोधियों को आतंकवादी कहकर बदनाम करता है और अपने अंदर झांकने को तैयार नहीं है। दरअसल, इस्लामाबाद और काबुल के बीच का समझौता तुर्की और कतर की मध्यस्थता में हुआ, जिसमें यह तय हुआ कि दोनों देश एक-दूसरे की सीमाओं का उल्लंघन नहीं करेंगे और किसी भी प्रकार की घुसपैठ को रोकेंगे। इस समझौते के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, कि यह सीजफायर तभी कायम रहेगा जब अफगान की तालिबान सरकार पाकिस्तान पर हमला करने वाले समूहों पर सख्ती से लगाम लगाएगी। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, अफगानिस्तान से आने वाली कोई भी चीज इस समझौते का उल्लंघन होगी। सब कुछ इसी एक लाइन पर टिका है। कुल मिलाकर ख्वाजा आसिफ का यह बयान बताता है कि पाकिस्तान को तालिबान पर भरोसा नहीं है। एक वजह यह हो सकती है कि पाकिस्तान डरा हुआ है, कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल उसके खिलाफ करने की साजिशें फिर से शुरू हो सकती हैं। खासकर पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) जैसे संगठन, जो वर्षों से इस्लामाबाद के लिए सिरदर्द बने हुए हैं, उनकी गतिविधियों पर पाकिस्तान की चिंता लाजमी है। दूसरी ओर, अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने चेताते हुए कहा, सभी पक्षों को समझौते के हर प्रावधान का पालन करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा, काबुल इन शर्तों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन अगर पाकिस्तान अपने दायित्वों को पूरा नहीं करता है, तो इससे समस्याएं पैदा होंगी। यह अलग बात है कि याकूब ने मध्यस्थ देशों तुर्की और कतर से इस समझौते के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद करने की भी अपील कर दी है। इसका मतलब साफ है कि अफगानिस्तान नहीं चाहता कि संघर्ष हो और खून-खराबे की नौबत आए।

# पीओके को लेकर पाकिस्तान केवल स्थानीय नहीं भारत व अफगानिस्तान से भी हो रहा परेशान

**अशोक भाटिया**

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमिर खान मुत्तकी के भारत दौरे से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने युद्ध ही शुरू कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में तालिबान शासन की ओर से भी मुंहतोड़ बदला लिया जा रहा है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान दोनों ही ओर से भारी तबाही के दावे हो रहे हैं। लेकिन, इस दौरान भारत की धरती से पाकिस्तान को जो कुछ संदेश दिया गया है, उससे वह पूरी तरह से हिला हुआ नजर आ रह है। पाकिस्तान को कहीं न कहीं डर सताने लगा है कि अबकी बार गैर-कानूनी कब्जे वाला कश्मीर (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर-पीओके) उसके हाथों से निकल सकता है। क्योंकि, पहले भारत ही उसे चेतावनी दे रहा था, लेकिन अब अफगान तालिबान की ओर से भी इशारों में उसे एक तरह से अल्टीमेटम दे दिया गया है।पीओके पर पाकिस्तान को अफगान तालिबान ने झटका ये दिया है कि उसने भारत की धरती से जम्मू और कश्मीर पर भारत की संप्रभुता का पूर्ण समर्थन कर दिया है। यह सब तब हुआ है, जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान पूर्ण युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं। भारत के साथ संयुक्त बयान में अफगानिस्तान के इस स्टैंड पर पाकिस्तान बहुत तिलमिलाया हुआ है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से इस बात का औपरचारिक विरोध भी जताया है और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (ह्स्ष्ट) के कथित प्रस्ताव का उल्लंघन बताया है।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में पहले ही पीओके पर भारत की स्थिति यह कहकर साफ कर चुके हैं कि हमारे बीच 106 किलोमीटर लंबी सीमा वाखान कॉरिडोर- यह क्षेत्र अभी पाकिस्तान के गैर-कानूनी कब्जे में है और इस वजह से अफगानिस्तान, भारत का निकटवर्ती पड़ोसी है और हम अफगान के लोगों के शुभचिंतक हैं। अफगानिस्तान के विकास और प्रगति में भारत की गहरी दिलचस्पी है। इन बातों से पाकिस्तान इतना घबराया हुआ है कि इसने इस्लामाबाद में अफगानिस्तानी राजदूत को बुलाकर दोनों देशों के साझा बयान को बहुत ही ज्यादा असंवेदनशील बताने की कोशिश की है।इसके पहले पीओके में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में तीन पुलिस अधिकारियों सहित दस लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। संघीय सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक वार्ता समिति भेजी थी। यह हाल ही में व्यापारियों और नागरिक समाज समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रमुख संगठन पीओजेके ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएसी) के साथ महत्वपूर्ण वार्ता के लिए मुजफ्फराबाद पहुंचा था। सामाजिक कार्यकर्ता शौकत नवाज मीर के नेतृत्व में जेएएसी द्वारा आयोजित बंद 29 सितंबर को शुरू हुआ था और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के कई जिलों को पूरी तरह से रोक दिया गया था।

सरकार ने 28 सितंबर से पूरी तरह से संचार ब्लैकआउट लगा दिया है, जिससे निवासियों के लिए मोबाइल दूरसंचार और इंटरनेट कनेक्शन बंद हो गए हैं। मुजफ्फराबाद में गुलजार बाजार बंद हैं, जबकि कोई स्ट्रीट वेंडर नहीं है। सार्वजनिक परिवहन ठप है। अराजकता ने क्षेत्र के लगभग 40 लाख निवासियों को अनिश्चितता की स्थिति में डाल दिया है। सरकार ने एक बयान में कहा, उन्होंने कहा कि अधिकारी व्यवस्था बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं और लोगों से अपील की कि वे एक विशिष्ट एजेंडे के साथ सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही दुष्प्रचार और फर्जी खबरों से प्रभावित न हों। पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में यह तीसरा बड़ा आंदोलन है और समिति की 38 सूत्री मांगों को स्वीकार करने से सरकार के इनकार के कारण शुरू हुआ था।

कश्मीर घाटी एक सुंदर लेकिन विवादित हिमालयी क्षेत्र है। 1947 में स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान और भारत ने कई युद्ध लड़े हैं। चीन इस क्षेत्र के उत्तरी दो हिस्सों को भी नियंत्रित करता है। भारत ने बार-बार पीओके को वापस लेने की भाषा का इस्तेमाल किया है। चीन पाकिस्तान का दोस्त है, लेकिन पाकिस्तान चीन के कब्जे वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे कश्मीर पर दावा करता है। 2017 की जनगणना के अनुसार, पीओके की आबादी 40 लाख से अधिक है। कश्मीर में प्रधानमंत्री और विधानसभा के लिए अर्ध-स्वायत्तता है। वर्तमान अशांति की उत्पत्ति मई 2023 में हुई है। आसमान छूते बिजली बिलों के विरोध में क्षेत्र के नागरिक पहली बार सड़कों पर उतरे थे। आटे की भारी तस्करी और रियायती गेहूं की आपूर्ति की भारी कमी की शिकायतें मिली थीं। अगस्त 2023 तक, ये अलग-अलग शिकायतें संगठित विरोध प्रदर्शनों में बदल गई थीं। उस साल सितंबर में, सैकड़ों कार्यकर्ता मुज़फ़्फ़राबाद में एकत्र हुए और औपचारिक रूप से जेएसी का गठन किया। इसमें क्षेत्र के सभी जिलों के प्रतिनिधि शामिल थे। विरोध प्रदर्शनों की पहली बड़ी तीव्रता मई 2024 में आई जब प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद के लिए एक लंबा मार्च शुरू किया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी सहित कम से कम पांच लोग मारे गए, और हिंसक विरोध प्रदर्शन तभी रुका जब पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शाहबाज शरीफ आटे की कीमतों और बिजली दरों में कमी जैसी प्रमुख मांगों पर सहमत हो गए। सरकार ने अनुदान के रूप में अरबों रुपये आवंटित किए, लेकिन चुप्पी लंबे समय तक नहीं रही। उसी वर्ष अगस्त में, छ्ष्ट ने एक और लॉकडाउन की घोषणा की। जेएएसी द्वारा प्रस्तुत मांगों में 38 विशिष्ट मुद्दे शामिल हैं। इन मांगों में मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू करना और प्रांतीय विधानसभाओं की संरचना को बदलना शामिल है। सूची में सबसे ऊपर शासक वर्ग के विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग है, जिसे पिछली शिकायतों में भी उजागर किया गया था। जेएएसी ने कहा कि मई 2024 के विरोध प्रदर्शनों के बाद, सरकार ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को दिए गए विशेषाधिकारों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग की स्थापना को मंजूरी दी।हालाँकि, नवीनतम अशांति के बाद, स्थानीय प्रशासन ने संचार काट दिया है और शैक्षणिक संस्थानों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आदेश दिया है। इससे भी अधिक विवादास्पद रूप से, उन्होंने अर्धसैनिक बलों सहित शेष पाकिस्तान से अतिरिक्त पुलिस इकाइयों को बुलाया है। लेकिन वरिष्ठ स्थानीय सरकारी अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या 15 बताई है। जेएसी ने अर्धसैनिक बलों की तैनाती पर आपत्ति जताई है। जेएएसी नेता मीर ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था कि मुख्य भूमि पाकिस्तान से अर्धसैनिक बलों को बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि स्थानीय पुलिस पहले से ही मौजूद थी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के वित्त मंत्री अब्दुल मजीद खान ने स्वीकार किया कि हालांकि पहले दौर की वार्ता पहले ही हो चुकी है, लेकिन एक नई समिति मुजफ्फराबाद में आई है और उसे प्रदर्शनकारियों की शिकायतों को हल करने का काम सौंपा गया है। जब उन्होंने पिछले साल विरोध करना शुरू किया, तो यह सब बिजली और आटे की कीमतों के बारे में था और हम उस पर सहमत हुए; लेकिन उन्हें यह भी समझने की जरूरत है कि चीजें रातोंरात नहीं बदल सकती हैं और इसमें समय लगता है। सरकार जेएएसी के 38 बिंदुओं में से अधिकांश पर सहमत हो गई है; लेकिन शरणार्थियों के लिए आरक्षित बारह सीटों को समाप्त करने और शासक वर्ग के विशेषाधिकारों को समाप्त करने के मुद्दों पर बातचीत विफल हो गई है। मंत्री ने उपमहाद्वीप के विभाजन के दौरान हुई असुविधा की ओर इशारा करते हुए शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटों को समाप्त करने के पीछे के तर्क को चुनौती दी। ये वे लोग थे जिनके परिवार भारत से आए थे जहां वे जमींदार और व्यापारी थे; लेकिन वे अपनी संपत्ति पीछे छोड़ गए और अत्यधिक गरीबी में पाकिस्तान भाग गए।

जेएएसी को लगता है कि उन्हें सीटों का कोटा देना अनुचित है ।

मंत्री स्वयं इस क्षेत्र के अनुमानित 2.7 मिलियन लोगों में से हैं, जिनके परिवार भारत के कश्मीर से चले गए हैं।ऐसा प्रश्न उठाया गया था। सरकार के प्रतिनिधियों और जेएएसी सदस्यों के बीच बातचीत बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई। यह तो समय ही बताएगा कि इस क्षेत्र में नाराजगी और बेचैनी कितनी जल्दी खत्म होगी।दरअसल जेकेजेएएसी पीओक की जिन 12 आरक्षित सीटों को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। ये सीटें भारतीय जम्मू-कश्मीर से आए शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 के युद्ध या उसके बाद पीओके पहुंचे हैं। इस आरक्षण की वजह से स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी समस्याओं और जरूरतों को विधानसभा में उठाने के लिए और विधायक चाहिए। उनका यह भी कहना है कि रिजर्व सीटों का फायदा केवल कुछ ही परिवारों को मिल रहा है। ये सीटें 2019 में आए हाई कोर्ट के एक फैसले के बाद आरक्षित की गई हैं।

पाकिस्तान की सरकार इस प्रदर्शन से बहुत अधिक डरी हुई है। आंदोलन से निपटने के लिए इलाके में पत्रकारों के जाने पर पाबंदी लगा दी है। इसके साथ ही पोओके में इंटरनेट सेवाएं ठप कर गई है। इस प्रदर्शन को देखते हुए सरकार को डर इस बात का डर सता रहा है कि प्रदर्शनकारी कहीं आजादी की मांग न मांगने लगें। साल 2017 में हुई जनगणना के मुताबिक पीओके की आबादी करीब 40 लाख है। वहां चल रहे आंदोलन की जड़े मई 2023 में हैं, जब वहां के लोग आसमान छूती बिजली की कीमतों के विरोध में सड़क पर उतर आए थे। इस दौरान आटे की तस्करी और सब्सिडी वाले गेहूं की आपूर्ति में भारी कमी आने की खबरें भी आई थीं। अगस्त 2023 आते-आते इन प्रदर्शनों ने संगठित रूप लेना शुरू कर दिया। उस साल सितंबर में कार्यकर्ता मुजफ्फराबाद में जमा हुए और सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने मिलकर जेकेजेएएसी का गठन किया। इस आंदोलन ने मई 2024 में उग्र हो गया। दरअसल पीओके के लोगों ने मुजफ्फराबाद की ओर कूच किया। इसके बाद उनकी सुरक्षा बलों के साथ हिंसक झड़पें हुईं। इनमें एक पुलिस अधिकारी समेत करीब पांच लोगों की मौत हो गई।यह प्रदर्शन तब स्थगित हुआ, जब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आटे और बिजली दरों में कटौती लाने जैसी मांगें मान लीं। पाकिस्तान की सरकार ने इसके लिए 23 अरब रुपये की सब्सिडी दी। लेकिन यह शांति बुहत टिक नहीं पाई। इस साल अगस्त में, जेकेएएसी ने फिर से आंदोलन की घोषणा कर दी।

## पाकुड़ की खबरें

## छठ पूजा के मद्देनजर डीसी ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस पाकुड़।महापर्व छठ पूजा के मद्देनजर डीसी मनीष कुमार ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम की स्थिति, डेंजर जोन चिन्हितीकरण, पार्किंग स्थल एवं सुरक्षा प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया। डीसी महोदय ने इस दौरान काली भसान पोखर, टीन बंगला पोखर, ठाकुरबाड़ी साधु पोखर एवं शीतला मंदिर पोखर छठ घाटों का भ्रमण किया तथा व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित पुलिस, यातायात, विद्युत, नगर परिषद, आपदा प्रबंधन एवं अन्य संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएँ समयपूर्व पूरी करें ताकि घाट पर आने वाले व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ हीकहा कि घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए पर्याप्त संख्या में कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि जिला प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी प्रावधानों का पालन करें। विशेषकर चिन्हित डेंजर जोन में प्रवेश न करें और सुरक्षा मार्किंग को न तोड़ें। छठ पूजा आस्था, स्वच्छता और अनुशासन का पर्व है। इसे श्रद्धा और संयम के साथ मनाएं तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - ठिका़**

**ठिका़ खो़बो़र सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-114-120-2025,** भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खो़न आर उनी ला़गित्, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी),राँची-834003 होतेते लातार रे ओ़लाकान कामीको ला़गित् ई-ठिका़ नेवतायेत् काना: **क्रम सं., खो़बो़र सं. आर कामी** रेयाक् जुतुम दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **(1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-114-2025,** एडीईएन/राँची रेयाक् का़मीटोठा रे 30.09.2027 हा़बिच् ते मुचा़द सो़मोय ला़गित् जुदा़-जुदा़ ब्रिज जोनल का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी: रु.** 1,50,14,928/-, **बायना पायसाः** रु. 2,25,100/-, **(2) डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-115-2025,** एडीईएन/मुरी रेयाक् का़मीटोठा रे मुरी-चाण्डिल रेयाक् चांगा ला़गित् 30.09.2025 हा़बिच् ते मुचा़द सो़मोय ला़गित् जुदा़-जुदा़ ब्रिज जोनल का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु.1,50,07,480/-, **बायना पायसाः** रु. 2,25,000/-, **(3) डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-116-2025,** एडीईएन/मुरी रेयाक् का़मीटोठा रे मुरी-बरकाकाना रेयाक् चांगा ला़गित् 30.09.2027 हा़बित् ते मुचा़द सो़मोय ला़गित् जुदा़-जुदा़ ब्रिज जोनल का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी: रु.** 1,20,00,640/-, **बायना पायसाः** रु. 2,10,000/-, **(4) डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-117-2025,** एडीईएन/मुरी रेयाक् का़मीटोठा रे मुरी-कोटशिला रेयाक् चांगा ला़गित् 30.09.2025 हा़बिच् ते मुचा़द सो़मोय ला़गित् जुदा़-जुदा़ ब्रिज जोनल का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 80,92,880/- **बायना पायसाः रु.** 1,61,900/- **(5) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-118-2025,** एसएसई/वर्क्स/बानो रेयाक् का़मीटोठा रे 30.09.2027 हा़बिच् ते मुचा़द सो़मोय ला़गित् हटिया-ओरगा चांगा रे किमी. 428/12 खो़न किमी. 500/4 हा़बिच् चांगा ला़गित् जुदा़-जुदा़ ब्रिज जोनल का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु.96,24,480/-, **बायना पायसाः** रु. 1,92,500/-, **(6) डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-119-2025,** एसएसई/वर्क्स/बानो रेयाक् का़मीटोठा रे 30.09.2027 हा़बिच् ते मुचा़द सो़मोय ला़गित् हटिया-ओरगा चांगा रे किमी. 500/4 खो़न किमी. 556/12 हा़बिच् चांगा ला़गित् जुदा़-जुदा़ ब्रिज जोनल का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी: रु.** 98,50,640/-, **बायना पायसाः** रु.1,97,000/- **(7)डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-120-2025,** एडीईएन/सेटलमेंट/हटिया रेयाक् का़मीटोठा रे 30.09.2027 हा़बिच् ते मुचा़द सो़मोय ला़गित् जुदा़-जुदा़ ब्रिज जोनल का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी: रु.** 1,40,30,600/- **बायना पायसाः** रु. 2,20,200/-, **ठिका़ रेयाक् मुचात् ता़रीक आर सो़मोयः** मा़हित 10.11.2025 हिलो़क् 15.00 बजे (मिमित् ला़गित्)। ठिका़दार ऑनलाइन ठिका़ ला़गित् दो़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को जेल दाड़ेयाक्आ। **(PR-753)**


## बाइक दुर्घटना में चार घायल

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका पाकुड़ मुख्य सड़क कालाझोर के गाँव के समीप बुधवार को दो बाइक का आमने -सामने टक्कर से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार मुर्शिदाबाद के लाल गोला के अली हमीम (25) लिट्टीपाड़ा से पाडेरकोला की ओर जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे सूरजबेडा निवासी माईकल मुर्मू (28) की बाइक से टक्कर हो गई।जिसमें दोनों बाइक में सवार चार लोग घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उक्त सभी घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा पहुंचाया जहां सभी का इलाज किया गया। इलाज के पश्चात् माईकल मुर्मु, साजोनी बास्की, सीमा मुर्मू को रेफर कर दिया। डॉ आनंद ने बताया कि उक्त तीनों का पैर ओर हाथ फैक्रर है।

## महिला के लिए पहली बार किया रक्तदान

पाकुड़ । शहर के अलिगंज में नीलम नर्सिंग होम में इलाजरत कुमारपुर पंचायत के रानीपुर निवासी 22 वर्षीय ब्यूटी खातून जो गर्भवती है का शरीर में खून की कमी होने के कारण डिलीवरी नहीं हो पा रहा था। परिजन बहुत परेशान नजर आ रहे थे । फिर मरीज के परिजनों ने लाइफ सेवियर्स समूह पाकुड़ से मदद की गुहार लगाई । हमेशा की तरह इस बार भी लाइफ सेवियर्स समूह मदद के लिए खड़ा हो गया

## सभी प्रखंडों में समय पर बीज का वितरण किया जायः डीसी

### कृषि एवं संबद्ध विभागों की हुई समीक्षात्मक बैठक

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कृषि एवं संबद्ध विभागों की बैठक कर रबी मौसम की तैयारियों, बीज वितरण, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, मत्स्य, उद्यान एवं पशुपालन योजनाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने जानकारी दी कि जिले को गेहूं बीज 2200 क्विंटल, चना 200 क्विंटल एवं सरसों 50 क्विंटल आवंटित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक गेहूं बीज 2150 क्विंटल, चना 170 क्विंटल एवं सरसों 50 क्विंटल का 50 प्रतिशत कृषक अंशदान के समतुल्य राशि आपूर्तिकर्ता बीज कंपनियों को लैंप्स, एफपीओ एवं प्राइवेट विक्रेताओं के माध्यम से भेजी जा चुकी है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में ससमय बीज ईमानदारीपूर्वक वितरण किया जाए। साथ ही बीज के साथ उपादान एवं कीटनाशक आदि का क्रय निविदा प्रक्रिया के माध्यम से शीघ्र संपन्न कर किसानों को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।



फसल सुरक्षा कार्यक्रम एवं आम्लिक मिट्टी सुधार योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि योजना अंतर्गत आवश्यक उपादानों का शीघ्र निविदा के माध्यम से क्रय कर वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कृषि एवं आत्मा योजनाओं के अंतर्गत अंतरराज्यीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रमों के लिए देश के प्रतिष्ठित कृषि संस्थानों से समन्वय स्थापित कर किसानों को भेजने का निर्देश दिया। मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड सृजन एवं वितरण के लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा।समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला, चितलो फार्म, लिट्टीपाड़ा के संचालनकर्ता संस्था स्कोप एग्री प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को कार्य में तेजी लाने तथा पूर्ण कार्य का बिल एक सप्ताह के अंदर जिलास्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना, प्रति बूंद अधिक फसल योजना, एग्री क्लिनिक योजना एवं किसान समृद्धि योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिए। उपायुक्त ने उद्यान विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर चयनित लाभुकों को मशरूम की खेती, माली प्रशिक्षण, ओल, अदरक तथा फूल की खेती का प्रशिक्षण एवं किट वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश जिला उद्यान पदाधिकारी को दिया।पशुपालन एवं गव्य प्रभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने बकरी पालन, बत्तख पालन, मुर्गा पालन एवं गौ पालन योजनाओं के लाभुकों के चयन को प्रखंड एवं जिला स्तरीय समितियों से अनुमोदन कराते हुए योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।बैठक में बैंकिंग सेक्टर की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि लंबित एवं लौटाए गए केसीसी

आवेदनों की पुनः जांच कर शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित करें। साथ ही पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि एवं अन्य महत्वपूर्ण ऋण योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, आत्मा के परियोजना निदेशक, शाखा प्रबंधकगण, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरिया हटियापाड़ा स्थित सुमन साहा के घर में अचानक आग लगने से लाखों का सामान जल कर राख हो गया ।जानकारी के अनुसार सुमन साहा मनिहारी का का दुकान चलाता है और वह पेट्रोल भी बेचता है ।मंगलवार की देर रात को दीपावली की खुसी पर बच्चे पटाखा फोड़ रहा था इसी दौरान पटाखा का एक चिंगारी घर मे रखे पेट्रोल तक चला गया और फिर आग लग गई और देखते देखते आग इतनी तेज हो गई कि पूरा कमरा सहित घर मे रखे एक बाइक एक साईकिल समेत लाखों का समान जलकर राख हो गया ।आगा की खबर मिलते ही आसपास के लोग आ पहुँचा और फिर आनन फानन में सूझ बूझ के साथ किसी तरह आगा पर काबू पाया गया जिससे पूरा घर जलने से बच गया ।हालांकि आग बुझाने के दौरान मकान मालिक सुमन साहा को भी अपनी लपेट में ले ली थी जिससे वह आग की लहक से झुलस कर जख्मी हो गया । लोगों ने सुमन साहा को तुरंत ईलाज के लिये भेजा गया ।इधर पीड़ित मकान मालिक ने प्रशासन से आग से हुई छतीपूर्ति की मांग की है ।

## कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी बोकारो रवाना



पाकुड़। 13वीं राज्य स्तरीय झारखंड राज्य सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के तत्वाधान में बोकारो जिला कबड्डी संघ के सौजन्य से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पाकुड़ जिला कबड्डी संघ की टीम बोकारो के लिए रवाना हो गयी है। इसके साथ-साथ झारखंड राज्य स्तरीय रेफरी फ्रेशर और रिफ्रेशर तकनीकी पदाधिकारी सेमिनार का भी आयोजन बोकारो में किया जा रहा है। इस सेमिनार में पाकुड़ से सीनियर कोच भाग लेंगे। नेशनल रेफरी संजय कुमार भगत, अरुणाव यादव, प्रीति कुमारी, उमर फारूक और किरण कुमारी सहित कई तकनीकी पदाधिकारी शामिल है। तुषार पहाड़िया (कप्तान), सत्यम कुमार, शिवम दास, अभिजीत ठाकुर, सोनू ठाकुर, प्रीतम फिस्कू, जेड खान, रणवीर ठाकुर, राज घोष, नैतिक तिवारी, मिहिर साह, निर्मल साह और इरफान शेख। टीम को रवाना करते समय पाकुड़ जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जवाहर सिंह, सचिव अमीरान परवीन और कोषाध्यक्ष विवेक मंडल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके शानदार प्रदर्शन की कामना की।

## भव्य तैयारी के साथ मनाया जायेगा छठ महापर्व

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



हिरणपुर (पाकुड़ )महापर्व छठ पूजा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं की सुविधा और पूजा स्थलों को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए सफाई, सजावट और विभिन्न व्यवस्थाओं का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। विभूत्तिभूषण दत्ता छठ तालाब और नामोपाड़ा स्थित खेपी तालाब, छठ पूजा के प्रमुख स्थलों में शामिल हैं, जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, विभूतिभूषण घाट पर लगभग 60 वर्षों से लगातार छठ पूजा आयोजित हो रही है। वहीं खेपी तालाब पर वर्ष 2019 से छठ पूजा की परंपरा आरंभ हुई थी। समाजसेवी सुनील डे ने बताया कि शुरूआत में कुछ ही परिवार खेपी तालाब पर पूजा करते थे, लेकिन आज यह क्षेत्रीय आस्था का केंद्र बन चुका है। श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। यहां साफ-सफाई, प्रकाश, बच्चों के मनोरंजन और आतिशबाजी तक की व्यवस्था होती है।समाजसेवी सहदेव साहा के नेतृत्व में विभूतिभूषण तालाब पर बीते 52 वर्षों से लगातार छठ पूजा की तैयारी की जा रही है। इस वर्ष विभागीय सहयोग से तालाब किनारे पक्का घाट बनवाया गया है, जिससे व्रतियों को काफी सहूलियत मिलेगी। घाट की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। गाद की सफाई, झाड़ियों की कटाई और सजावट का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार का छठ पर्व पहले से अधिक भव्य और सुव्यवस्थित होगा। ब्रद्धालुओं को सभी जरूरी सुविधाएं मिलें, इसके लिए प्रशासन से सहयोग की भी अपेक्षा की जा रही है। क्षेत्र के अन्य छठ घाटों पर भी सफाई और मरम्मत कार्य शुरू हो चुका है, जिसमें स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों की अहम भूमिका रही है। इस पुनीत कार्य में दीपक साहा, चंदन भगत, राजू डे, विकास दास, राजेश हेंब्रम, रविंद्र भगत, मिलन रूज आदि शामिल है।

## पाकुड़ में शिक्षा और स्वच्छता की नई पहल की आवश्यकताः डीसी

पाकुड़ । जिले में उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में शुरू की गई सकारात्मक पहल सराहनीय है। बच्चों के लिए ÷बैगलेस डे÷, ÷तिथि भोजन÷ जैसी योजनाएं शिक्षा में एक नई ऊर्जा का संचार किया है।इन प्रयासों से ड्रॉप-आउट दर में कमी आई है।जो एक अत्यंत उत्साहजनक संकेत है।पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में पाकुड़ जिले का परिणाम जहाँ अत्यंत सराहनीय रहा, वहीं प्राथमिक स्तर की शिक्षा की गुणवत्ता में अब भी अपेक्षित सुधार की आवश्यकता है।विद्यालयों में रचनात्मक और स्वच्छता हेतु कक्षा 7-8 या 5-6) के छात्रों को प्रतिदिन आधे घंटे विद्यालय की साफ-सफाई हेतु प्रेरित किया जा सकता है। विद्यालय परिसर में पौधारोपण , उनकी देखभाल करना सिखाया जाना चाहिए।प्रत्येक पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी पाँच छात्रों को सोफा जा सकता है।साथ ही विद्यालय परिसर में उपलब्ध अतिरिक्त स्थान पर पालक, धनिया जैसी हरी सब्जियों की बागवानी कराई जा सकती है।ऐसी गतिविधियाँ न केवल बच्चों का मन विद्यालय से जोड़ेंगी, बल्कि उनमें टीमवर्क, अनुशासन और पर्यावरणीय चेतना भी विकसित करेंगी।जिले के अधिकांश विद्यालयों में स्वच्छता और वृक्षारोपण एवं शौचालय की स्थित चिंताजनक है।

## बाइक दुर्घटना में एक घायल

महेशपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के हाथीमारा गांव के समीप एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिर जाने से मौके पर ही मौत हो गई.जानकारी के अनुसार पाकुड़िया थाना क्षेत्र के सागबेरिया गांव निवासी भुलाल रविदास अपने बाइक में सवार होकर महेशपुर हाथीमारा के रस्ते अपना घर जा रहा था। इसी दरम्यान हाथीमारा गांव के समीप तेजरफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर पड़ा. जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी,उधर घटने की सूचना महेशपुर पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुँचकर शव व बाइक को महेशपुर थाना लाकर आगे की कार्यवाई में जुट गयी।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अनुसूचित जाति संघर्ष समिति ने सीजेआई और आईपीएस वाई पूरण पर जातिगत प्रताड़ना के विरोध में दिया धरना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** अनुसूचित जाति संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को अंबेडकर चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई पर जूता फेंकने और हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण की आत्महत्या के विरोध में किया गया।



?समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सीजेआई गवई के साथ अदालत परिसर में हुई घटना और आईपीएस वाई पूरण के मामले में जातिगत द्वेष की भावना से हमले किए गए हैं, जो समाज में दलित समुदाय के प्रति बढ़ती असहिष्णुता को दर्शाता है। वक्ताओं ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को भी जातिगत हमलों का सामना करना पड़ रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है और लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध है।

?प्रदर्शनकारियों ने न्यायपालिका और प्रशासन में उच्च पदों पर आसीन अनुसूचित जाति के सदस्यों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रदर्शन के दौरान, समिति के सदस्यों ने मांग की है कि इन मामलों की निष्पक्ष और त्वरित जांच हो तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

?धरना प्रदर्शन के समापन के बाद, अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से देश की महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महामहिम से हस्तक्षेप करने और देश में अनुसूचित जाति के लोगों पर हो रहे जाति आधारित हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई है ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके।

?इस मौके पर समिति के कई प्रमुख सदस्य और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## लंबे समय से फरार दो वांछित गिरफ्तार



**देवघर।** कुंडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को छापामारी अभियान चलाकर दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्त विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में पहला कुंडा थाना कांड संख्या 102/25 दिनांक 15 मई 2025, धारा 103(2)/61(2)(ड्ड) बीएनएस का नामजद अभियुक्त केशव राउत उर्फ झंडू राउत, पिता मनोज कुमार राउत उर्फ मुन्ना राउत, निवासी सातर, थाना कुंडा है। दूसरा अभियुक्त कुंडा थाना कांड संख्या 147/25 दिनांक 20 जुलाई 2025, धारा 126(2)/115(2)/308(4) 333/352/351(2)3(5) बीएनएस का प्राथमिकी अभियुक्त रोहित यादव उर्फ बंटी यादव, पिता महेश यादव उर्फ महेश्वर यादव, निवासी चितोलोढ़िया है।गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## युवक पर तीन लोगों ने किया हमला, भर्ती

**देवघर।** बिहार के चकाई रामचंद्रडीह के निवासी राजेश राय पर बीती रात करीब दो बजे तीन अज्ञात लोगों ने अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में राजेश को आनन-फानन में देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने बताया कि रात लगभग दो बजे तीन अज्ञात बदमाश अचानक उसके घर के पास पहुंचे और उस पर कई बार चाकू से हमला किया। राजेश ने बताया कि उस समय घर के दरवाजे की कुंडी खुली थी, जिसका फायदा उठाकर हमलावर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना बैद्यनाथ धाम ओपी को दे दी गई है।राजेश राय की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज देवघर सदर अस्पताल में चल रहा है।

## नगर निगम ने शहर के मुख्य मार्गों से उठाया कचरा




**देवघर।** नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार के नेतृत्व में देवघर नगर निगम का सफाई अभियान शहर के विभिन्न हिस्सों में लगातार जारी है। अभियान के तहत दो जेसीबी और दस ट्रैक्टर की मदद से शहर के वार्डों और प्रमुख मार्गों से कूड़ा-कचरा हटाया जा रहा है। छठ पूजा के दृष्टिगत नगर निगम ने विशेष ध्यान रखते हुए रंगा मोड़ से बरमसिया, कुंडा मोड़ से राम जानकी मंदिर, राम जानकी मंदिर से बाजला चौक, बाजला चौक से शंख मोड़, बाजला चौक से देओशंग मोड़ और वीआईपी चौक से दड़वा पुल तक सफाई और कचरा उठाव का कार्य सुनिश्चित किया। नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी मुख्य क्षेत्रों से कूड़ा समय पर उठाया जाए और सफाई अभियान नियमित रूप से प्रभावी ढंग से जारी रखा जाए।

## राम मन्दिर में अंकुट का प्रसाद का वितरण



**मधुपुर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता) ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के राम मंदिर ठाकुरबाड़ी में बुधवार की शाम भगवान अन्नकूट की पूजा व प्रसाद वितरण किया गया। जिसे लेकर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बता दें कि समस्त देवघर जिला में मधुपुर स्थित राममंदिर ठाकुरबाड़ी में स्थापित भगवान अन्नकूट की पूजा एक मात्र यहीं होता है। प्रत्येक वर्ष दीपावली के दूसरे दिन अन्नकूट भगवान का प्रसाद पाने के लिए हजारों लोग यहां आते हैं। श्री राममंदिर ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट द्वारा लोगों को सहयोग राशि से व्यापक पैमाने पर शुल्क व निशुल्क प्रसाद वितरण किया जाता है। भगवान अन्नकूट का भोग सात प्रकार के पकवानों से की जाती है जिसमें बालूशाही, बुंदिया, पुआ, पूड़ी कचोड़ी, सब्जी प्रसाद के रूप में दी जाती है। मौके पर पुरुषोत्तम बथवाल, पट्टू बथवाल, संजय डालमिया,अनिल टिबड़ेवाल, बिनोद लछिरामका,पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। प्रसाद वितरण को सफल बनाने में कल्पना घोष, अदिति सिंह, रेणु गिनोडिया, प्रेमा गुप्ता, पुष्प कुशवाला, सुनीता जायसवाल,बबली सेन, चन्द्रिका शर्मा, की भूमिका सराहनीय रही।

## पूर्व रेलवे छठ पर्व को लेकर आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए 1 लाख से अधिक कर्मचारियों के साथ सक्रिय



**देवघर।** इस वर्ष भारतीय रेलवे ने छठ पर्व और अन्य त्योहारों के दौरान यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुगम पहुँचाने के लिए विशेष ट्रेनों की रिकॉर्ड संख्या के संचालन की योजना बनाई है। त्योहारों के दौरान 12,000 से अधिक फेरे चलाने की तैयारी की गई है, जबकि पिछले वर्ष 7,724 विशेष ट्रेनें चलाई गई थीं। इस प्रकार इस वर्ष रेलवे ने त्यौहार विशेष ट्रेनों के संचालन में सर्वकालिक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। पूर्व रेलवे क्षेत्र में यात्रियों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए 1,300 से अधिक यात्राओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, आसनसोल, भागलपुर, मालदा टाउन जैसे टर्मिनलों से शुरू होने वाली 329 विशेष ट्रेनें और अन्य क्षेत्रीय रेलवे से 663 विशेष ट्रेनें शामिल हैं। दुर्गा पूजा और दीपावली के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के बाद अब पूर्व रेलवे छठ पर्व की तैयारियों में जुट गया है। पूर्व रेलवे के लगभग 1 लाख कर्मचारी छठ पर्व के दौरान ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही, भीड़ प्रबंधन और यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार काम कर रहे हैं। छठ पर्व बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित उत्तर और पूर्वी राज्यों में अत्यंत लोकप्रिय है। टर्मिनल स्टेशनों जैसे हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, मालदा टाउन, भागलपुर आदि से नियमित ट्रेनों में आरक्षित सीटों की लंबी प्रतीक्षा सूची रहती है। यात्रियों को सुरक्षित और समय पर उनके गंतव्य तक पहुँचाने के लिए पूर्व रेलवे ने 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2025 के बीच कुल 176 फेरे की विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। इन ट्रेनों के प्रमुख गंतव्य रक्सौल, मधुबनी, जयनगर, बरौनी जं., पटना, बक्सर, सहरसा जं., पूर्णिया कोर्ट, गोरखपुर, मऊ, बढ़नी, बनारस, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली, ऋषिकेश, लाल कुआं जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, खातीपुरा, वडोदरा जं.,उधना जं., गांधीधाम जं. आदि हैं।

## सड़क हादसे में राजेश गुप्ता की मौत पर शोक

देवघर। मधुपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत डालमिया कूप के समीप बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में चंदडीह निवासी राजेश गुप्ता की असमय मृत्यु हो गई। इस दुःखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों व स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। घटना के बाद आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राजेश गुप्ता जैसे मेहनती व्यक्ति की असमय मृत्यु से एक पूरा परिवार बेसहारा हो गया है। सड़क सुरक्षा अब केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर सख्ती से लागू की जानी चाहिए। आदर्श लक्ष्य ने देवघर जिला प्रशासन से पाँच बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई की माँग की है मृतक के परिजनों को 5 लाख का तत्काल सरकारी मुआवजा दिया जाए, संबंधित हाईवा वाहन मालिक अथवा बीमा कंपनी से 25 लाख का अतिरिक्त मुआवजा सुनिश्चित कराया जाए,

## सड़क हादसे में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल

**देवघर।** बुधवार को कटोरिया के पास एक सड़क हादसे में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल संगीता देवी (55) और उनके पुत्र राकेश कुमार सिंह (30) बिहार के बांका जिले के बेलहर थाना अंतर्गत कोल्हुआ कल्याणपुर निवासी हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि राकेश कुमार आईआरबी गोड्डा जिले में तैनात हैं। बुधवार को वह अपनी मां के साथ बाइक से देवघर पूजा के लिए आ रहे थे। कटोरिया के पास मार्ग में एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईट के ढेर से टकरा गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल मां-बेटे को पहले कटोरिया के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस के माध्यम से देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। ऑन ड्यूटी डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## छठ घाटों की सफाई अभियान में 90 प्रतिशत प्रगति, नगर निगम अंतिम चरण में सक्रिय



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** नगर निगम क्षेत्र के 36 वार्डों में फैले 50 छठ घाटों की सफाई कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नगर निगम के 262 कर्मियों, तीन जेसीबी, 14 ट्रैक्टर और 24 वार्ड जमादारों की मदद से अब तक लगभग 90 प्रतिशत सफाई पूरी की जा चुकी है। नगर आयुक्त रोहित कुमार सिन्हा के निर्देश पर उपनगर आयुक्त सागरी बराल और दोनों सहायक नगर आयुक्त लगातार घाटों का निरीक्षण कर सफाई की स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। जेसीबी मशीनों से घाट तक आने-जाने के रास्तों का समतलीकरण किया जा रहा है ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके साथ ही घाटों से घास, झाड़-झंखाड़ और अन्य कचरा उठाने का कार्य निरंतर जारी है। नगर निगम ने बताया कि दिवाली के बाद तक सभी घाटों की सफाई पूरी कर छठ पर्व के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## इस्कॉन में धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा, 56 भोग का अर्पण और भक्तों में बंटा महाप्रसाद



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जसीडीह थाना अंतर्गत देवघर-जसीडीह मुख्य मार्ग पर स्थित रोहिणी मोड़ के समीप इस्कॉन मंदिर में बुधवार को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। विदित हो कि हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा करने का विधान है। इस तिथि को अन्नकूट पर्व के नाम से भी जाना जाता है। इस्कॉन देवघर के प्रमुख श्रीनिवास गोपाल दास ने गोवर्धन पूजा के धार्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने देखा कि गोकुलवासी इंद्रदेव की पूजा कर रहे हैं, तो उन्होंने इसका कारण जानना चाहा। मां यशोदा से जानकारी मिलने पर कि इंद्रदेव वर्षा करते हैं जिससे अन्न उपजता है, श्रीकृष्ण ने सुझाव दिया कि गोकुलवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि उनकी गोधन वहीं चरती हैं। बृजवासियों ने श्रीकृष्ण की बात मान ली जिससे इंद्रदेव क्रोधित हो गए और उन्होंने प्रलयकारी वर्षा आरंभ कर दी। इस आपदा से गोकुलवासियों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और सभी को उसके नीचे शरण दी। बाद में ब्रह्मा जी के समझाने पर इंद्रदेव को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी। तब से प्रतिवर्ष इस दिन गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का भोग लगाने की परंपरा चली आ रही है। इस्कॉन देवघर में इस अवसर पर विशेष कीर्तन, पूजन और पारंपरिक रूप से 56 भोग का अर्पण किया गया।

## छठ पूजा को भव्य बनाने को लेकर झील तालाब पूजा समिति ने की चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** लोक आस्था के पर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर बुधवार को झील तालाब पूजा समिति की एक बैठक तालाब परिसर मे आयोजित की गई। बैठक में कई विषयों पर चर्चा किया गया। समिति के अध्यक्ष सोनू गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा को लेकर इस बार समिति कई महत्वपूर्ण कार्य करने जा रही है जिसकी शुरुआत गुरुवार को झील तालाब से होगी। पुरोहित द्वारा विधि विधान के साथ सुल्तानगंज से लाया हुआ गंगा जल से झील तालाब का शुद्धिकरण किया जायेगा उसके पश्चात गाजे बाजे के साथ शहर के सभी घाटों में यह अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस अवसर पर शामिल होने कि अपील की है वही समिति के सचिव सुमन चौधरी ने बताया की इस बार का छठ पूजा भव्य व ऐतिहासिक होगा। पूरे तालाब परिसर में पंडाल की बेरीकटिंग व आकर्षक लाईट से सजाया जा रहा है उन्होंने बताया की बैठक में मुख्य बात सभी छठवर्ती व जिनके घरों में पर्व होता है, उनके लिए है



इस बार खरना के दिन प्रसाद बनाने के लिए झील तालाब पर आम की लकड़ी की व्यवस्था पूजा समिति की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने सभी से निवेदन किया है कि झील तालाब पर आकर जरूरत के हिसाब से लकड़ी ले जाये। मौके पर समाजसेवी डॉ. अरुण गुटगुटिया, संजय शरण, सचिन रवानी, हेमंत नारायण सिंह, संजय यादव, पप्पू चौधरी, अवनी भूषण, गोपी बर्मन, अमर शर्मा, अजीत दुबे, सोनी खंडेलवाल, दीपक मिश्रा, सरोज साव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीज़न में 42 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** भारतीय रेलवे के आसनसोल डिवीजन ने 2025 के दिवाली और छठ त्योहारी सीज़न के दौरान यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम और गरिमापूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। डिवीजन ने यात्री सुविधा, सुरक्षा, चिकित्सा तत्परता और प्रमुख स्टेशनों पर संचालनात्मक निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक उपाय लागू किए। त्योहारी सीज़न में यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि को देखते हुए डिवीजन ने 42 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई, जिनमें 6 ट्रेनें आसनसोल से प्रस्थान करने वाली और 36 पारगमन ट्रेनें शामिल हैं। इस वर्ष भारतीय रेलवे ने कुल 12,000 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें संचालित की हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 55 प्रतिशत अधिक हैं। आसनसोल डिवीजन के प्रमुख स्टेशनों पर 1 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक यात्रियों का आंकड़ा उल्लेखनीय रहा। आसनसोल जंक्शन पर 13,40,646, दुर्गापुर में 8,16,228, जसिदीह जंक्शन में 6,98,903, मधुपुर में 3,37,879 और चित्रंजन में 98,357 यात्रियों ने स्टेशन का उपयोग किया। भारी भीड़ प्रबंधन के लिए आसनसोल, जसिदीह और मधुपुर में अस्थायी होल्डिंग क्षेत्र बनाए गए। प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए, जिससे यात्रियों की सुविधा और भी बेहतर हुई। प्रतीक्षालय का विस्तार, पेयजल बूथ, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्पष्ट संकेतक, कतार प्रबंधन प्रणाली, धूप और वर्षा से सुरक्षा के लिए इंतजाम और समय-समय पर सूचना घोषणाएँ यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए लागू की गईं। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, महिलाओं और बच्चों के लिए समर्पित सहायता प्रदान की गई। स्वच्छता और सैनिटेशन अभियान सभी प्रमुख स्टेशनों पर त्योहारी सीज़न से पहले और दौरान चलाए गए। डिविजनल मुख्यालय में चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष और वॉर रूम सक्रिय हैं। उन्नत सीसीटीवी नेटवर्क के माध्यम से वास्तविक समय में निगरानी और भीड़ नियंत्रण किया गया। स्थानीय प्रशासन, रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के साथ समन्वय कर सभी स्टेशनों पर अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित की गई। चिकित्सा तत्परता के लिए प्रमुख स्टेशनों पर इमरजेंसी मेडिकल रूम हाई अलर्ट पर हैं। डॉक्टर, पैरामेडिक्स और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं। आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस सेवाएं भी तत्पर रखी गई हैं। आसनसोल जंक्शन पर दो स्क्रैच रेक तैयार किए गए और बोर्डिंग एवं डीबोर्डिंग के लिए अलग प्रवेश और निकास व्यवस्था लागू की गई। डिविजन ने चौबीसों घंटे कर्मचारियों की बड़ी संख्या तैनात की है, जबकि रेलवे सुरक्षा बल के कुल 620 कर्मी प्रमुख स्टेशनों पर तैनात हैं और 180 कर्मी ट्रेन रेस्क्यू में भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए मौजूद हैं। आसनसोल डिविजन ने योजना, समन्वय और मानव-केंद्रित प्रबंधन के माध्यम से त्योहारी सीज़न में सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित, आरामदायक और गरिमापूर्ण यात्रा सुनिश्चित की और सेवा, सुरक्षा और संकल्प के मार्गदर्शक सिद्धांत को दोहराया।

## एम्स में मानसिक स्वास्थ्य सर्वे बैठक, विशेषज्ञों ने झारखंड में बढ़ते मानसिक रोगों पर जताई चिंता

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** एम्स देवघर में 19 अक्टूबर को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-02 (एनएमएचएस-2) की एसटीएजी कंसेंसस मीटिंग एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड और देशभर में मानसिक स्वास्थ्य रोगों में हो रहे तेजी से वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) प्रतिमा मूर्ति, निदेशक, निमहांस बेंगलुरु ने मानसिक बीमारियों के वैश्विक बोझ और समावेशी मानसिक स्वास्थ्य नीति की आवश्यकता पर जोर दिया। एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक एवं सह-प्रमुख अन्वेषक प्रो. (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय ने शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य समर्थन को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया। निमहांस के राष्ट्रीय प्रमुख अन्वेषक प्रो. (डॉ.) गिरीश एन. राव और प्रो. (डॉ.) टी. एस. जयसूर्या ने एनएमएचएस-1



और एनएमएचएस-2 के निष्कर्षों के साथ जमीनी चुनौतियों पर विचार साझा किया।

सहायक प्रोफेसर (सीएफएम) एवं झारखंड के प्रमुख अन्वेषक डॉ. अरशद अयूब ने बताया कि सर्वेक्षण के अंतर्गत राज्य के पाँच जिलों में 8,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया। पीआई (मनोचिकित्सा) डॉ. सांतनु नाथ द्वारा संचालित पैनल चर्चा में एम्स और निमहांस के विशेषज्ञों के साथ-साथ राज्य एनएमएचपी की नोडल अधिकारी सुश्री शान्तना कुमारी ने आत्महत्या रोकथाम एवं सामुदायिक हस्तक्षेप रणनीतियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु क्विज, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन सामुदायिक आधारित मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, टेली-मेन्टल हेल्पलाइन और नीति-आधारित हस्तक्षेपों की आवश्यकता पर केंद्रित आह्वान के साथ किया गया।

## आसनसोल मंडल में विशेष सफाई अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत, पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने जसीडीह, सीतारामपुर, आसनसोल, अंडाल, पानागढ़ और पांडवेश्वर स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता एवं यात्री सुविधा सुधार अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य दिखाई पड़ने वाले स्वच्छता में सुधार, सुविधाओं का उन्नयन और समग्र यात्री अनुभव में सुधार लाना था। प्लेटफ़ॉर्म, नालियों, शौचालय, प्रतीक्षालय और सर्कुलेटिंग ज़ोन जैसे प्रमुख क्षेत्रों की पहचान विशेष सुधार के लिए की गई। कार्यस्थल की स्वच्छता बनाए रखने के लिए अप्रचलित रिकार्डों और अनावश्यक सामग्रियों की समीक्षा की गई और उनका निपटान किया गया। स्टेशनों की हाई प्रेसर धुलाई, सतह की सफाई और जल निकासी निकासी का उपयोग करके पूरी तरह से सफाई की गई।

# एक ही छत के नीचे एक तरफ कुरान तो दूसरी तरफ पुराण





संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** रेलवे स्टेशन से तकरीबन छह किलोमीटर पश्चिम की दिशा मे स्थित भोक्ता छोराट का हथिया पाथर आज भी फौजी विनय चन्द्र सिंह की गाथा गाती नज़र आती है। वायु सेना के सार्जेंट पद से सेवानिवृत्त विनय चन्द्र सिंह को सरकार द्वारा हथिया पाथर मे आठ एकड़ पथरीली बंजर ज़मीन मिली थी जिसे अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने गुलज़ार कर दिया था। विनय चंद्र सिंह को सांप्रदायिक सौहार्द और सद्भावना का एक प्रतीक माना जाता है।

वह एक प्रसिद्ध पर्यावरणविद और समाजसेवी थे, लेकिन उन्हें सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल के रूप में भी याद किया जाता है।

मधुपुर में, उनके फार्म (भोक्ता छोरांट स्थित हथिया पाथर फार्म) में पुराण (हिंदू धर्मग्रंथ) और कुरान (इस्लाम धर्मग्रंथ) की एक साथ आराधना की जाती है। यह उनकी विरासत और क्षेत्र में सद्भावना बनाए रखने के उनके प्रयासों का एक मजबूत उदाहरण है। उनके जीवन को सद्भावना का प्रतीक माना जाता है और उनके कार्यों से लोगों को प्रेरणा मिलती है। जीतपुर और चेचाली जंगल को बचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाज सेवी अरविंद कुमार ने कहा कि वह जब किसी गाँव का भ्रमण करते तो हमेशा अपने साथ कुछ बीज रखते थे और लोगो के बीच बांटते थे, ताकि वे पर्यावरण से जुड़े रहें।

मज़हब नही सिखाता आपस मे बैर रखना उन्होंने साबित कर दिया कि दो धर्म के लोग एक परिवार में रहते हुए अपने-अपने धर्म की नीतियों - रीतियों का पालन कर सकते हैं ऐसा करते हुए एक मानवीय जीवन जीना संभव है इस असंभव के जज्बे को संभव बनाया विनय चंद्र सिंह ने।

उन्होंने जब यह महसूस किया कि समाज न सिर्फ विषमता की ओर बढ़ता जा रहा है बल्कि धार्मिक सौहार्द का ताना-बाना भी कमजोर पड़ता जा रहा है तब उन्होंने ठान लिया कि वह अब इस पर ही हस्तक्षेप करेंगे और अपने बलबूते कुछ ऐसा प्रयोग करेंगे कि मधुपुर और आसपास के लोगों के लिए एक मिसाल बने । अपने इस संकल्प को अमली जामा पहनाने के लिए उन्होंने एक किशोर जिसका नाम अलाउद्दीन अंसारी है, को अपनी कुटिया में जगह दी और बेटे की तरह लालन-पालन किया एक ही फूस की कुटिया में रहकर दोनों खान-पान श्रम और विश्राम किया करते थे तब उनकी पत्नी जानकी सिंह अपने डंगाल पाड़ा वाले मकान में रहती थी कभी-कभार हथिया पत्थर आ जाया करती थी जानकी चाची विशुद्ध हिंदू मानसिकता और आचार्य विचार की विदुषी थी।

### एक तरफ शाम की आरती, दूसरी तरफ मग़रिब की नमाज़

पूरा परिवार खुशी खुशी एकसाथ मिलकर रहने लगे, एक परिवार में दो धर्म के लोग एक साथ एक ही बर्तन में पका खाना खाते, एक तरफ शाम की आरती होती तो दूसरी तरफ मग़रिब की नमाज अदा होती, दशहरा दीवाली, रमज़ान के पाक महीने के रोज़े, ईद-बकरीद पर सेवईयां परोसी जाती तो दुर्गापूजा में सबलोग नए नए कपड़े पहनकर घूमने जाते। अलाउद्दीन ने कहा कि जानकी चाची एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी उनके पूजा पाठ की सामग्री अलाउद्दीन ही बाजार से लेकर आता था, यहां तक कि पंडित को भी वही लाता। विनय सिंह ने समाज को दिखाया कि दिल के रिश्ते से बड़ा कोई रिश्ता नहीं होता और इस रिश्ते में धर्म कभी आड़े नहीं आता।

### हिन्दू दादा-दादी की गोद मे मुस्लिम पोता-पोती

अलाउद्दीन और उनकी पत्नी सलमा के तीनो बच्चे शमशेर उर्फ बबलू, सिकन्दर उर्फ बुलबुल और टुली दादा विनय सिंह और दादी जानकी सिंह की गोद मे खेलकर बड़े हुए। और आज विनय सिंह के सपनों एवं उनकी विरासत को संजोए रखा है। अलाउद्दीन ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने विनय सिंह और जानकी सिंह को उनकी इच्छानुसार तीर्थ कराने ले गए। तीर्थ से वापस आकर उन्होंने कहा कि बेटा (अलाउद्दीन) तुम भी बहु के साथ हज कर लेना, जो बाद मे उन्होंने किया। पर्यावरण से सच्चा प्रेम आज भोक्ता छोराट का हथिया पाथर विभिन्न प्रकार के लगभग पांच हज़ार पेड़ो से एवं सैकड़ों जड़ी-बूटी, फल-फूल और सब्जियों से सुसज्जित विनय चन्द्र सिंह स्मारक ट्रस्ट है जो प्रकृति प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

# जमीन विवाद में अपने सौतेले भाई को लाठी डंडे से मारपीट कर दी हत्या

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

राजमहल- राजमहल थाना क्षेत्र के चांय टोली मोहल्ला में बुधवार अहले सुबह को लाठी डंडा से मारपीट कर युवक की हत्या का मामला प्रकाश में आया है. अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 चांय टोली निवासी हीरालाल महतो का पुत्र गुड्डू महतो किसी बात को लेकर अपने सौतेले छोटे भाई धर्मा महतो उम्र 24 वर्ष को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिसे परिजनों द्वारा इलाज हेतु पश्चिम बंगाल के मालदा की ओर ले जाया जा रहा था जहां रास्ते में ही धर्मा ने दम तोड़ दिया. मृतक के भाई दीपक महतो ने बताया कि इसके पूर्व भी गुड्डू महतो द्वारा घर खाली करने को कहा गया था. तथा मारने की धमकी दी गई थी. घर में काली पूजा का आयोजन किया गया था. देर रात तक सभी जगे हुए थे. बुधवार की अहले सुबह 3ः30 बजे किसी बात को लेकर गुड्डू महतो और धर्मा महतो के बीच विवाद हो गया. इस दौरान गुड्डू महतो लाठी डंडे से धर्मा महतो की पिटाई करने लगा. सर में गंभीर चोट लगने से धर्मा अचेतावस्था में पड़ा हुआ था. घटना की खबर पाकर दीपक महतो जब मौके पर पहुंचा तो खून से लथपथ अपने सौतेले भाई को देखा और उसे इलाज हेतु पश्चिम बंगाल के मालदा जिला की ओर ले जा रहा था इसी क्रम जख्मी युवक की मौत हो गई. मृतक अपने पीछे पत्नी सीता देवी एवं 6 वर्षीय पुत्री एवं 10 महीने का पुत्र को छोड़ गया है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. इधर घटना की सूचना मिलते ही एसआई पवन यादव ने अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी.



## बाउल कीर्तन सह मेला का किया उद्घाटन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

उधवा ः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण सरफराजगंज पंचायत के मनिहारी टोला गांव में देर शाम काली पूजा समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बाउल कीर्तन सह मेला का आयोजन किया गया.इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. कार्यक्रम में पहुंचने पर पूजा समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया. इस दौरान बजरंगी यादव ने उद्घाटन के तुरंत बाद पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ माँ काली की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. श्री यादव ने कहा कि यह बाउल कीर्तन हमारी सदियों पुरानी संस्कृति और लोक कला का प्रतीक है. माँ काली के इस पावन अवसर पर मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि यह बाउल कीर्तन और मेला हमारे गांव में भक्ति, भाईचारा और शांति का संदेश फैलाए. यह मेला हमें एक-दूसरे से जुड़ने और समाज को मजबूत बनाने का अवसर देता है.कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामीण जनता ने श्री यादव के संबोधन का तालियों से स्वागत किया.मौके पर राधानगर थाना के एएसआई श्रीलाल हांसदा, भाजपा नेता कृष्णा घोष, पंकज घोष, उदय मंडल आदि उपस्थित थे.

## साहिबगंज में रेलवे पटरी से खुला मिला दर्जनों पेन्ड्रॉल क्लिप, बड़ी दुर्घटना टली



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज/ राजमहल-मालदा रेल मंडल के बरहरवा- साहिबगंज रेल खंड के कल्याणचक रेलवे स्टेशन के समीप एक बड़ी हादसा होने का मामला प्रकाश में आया है. मिली जानकारी के अनुसार कल्याणचक - तालझारी रेलवे स्टेशन के बीच कल्याणचक रेलवे स्टेशन के नजदीक पोल संख्या 198/38 के पास क्रॉसिंग लाइन के समीप बीच रेल पटरियों से छेड़छाड़ कर अज्ञात लोगों द्वारा पेन्ड्रॉल क्लीप खोला गया. यह बड़े रेल हादसे की साजिश या चोरी की नीयत है. यह आरपीएफ व रेल पुलिस की जांच के बाद ही पता चल सकेगा. कि किस वजह से इस प्रकार का घटना का अंजाम दिया गया है. करीब 25 से 30 पेन्ड्रॉल क्लिप खुला हुआ पाया गया. हालांकि कीमैन ने इस बड़ी घटना को अपनी सूझबूझ से टाल दिया. उस समय हावड़ा इंटरसिटी का समय था. जो कि दुर्घटना ग्रस्त होने से बाल बाल बच गया. यह ट्रेन करीब 50 मिनट तक रोक दी गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह देर रात की बताई जा रही है. लेकिन सुबह कीमैन को पेन्ड्रॉल क्लिप पर नजर पड़ी तो उसके होश उड़ गए. सुबह करीब छह बजे लाइन पर ड्यूटी कर रहे कीमैन का उस समय होश उड़ गया. जब उसने देखा कि दूर तक रेल पटरी का पेंड्रोल क्लिप, जिसे रेल लाइन की चाबी भी कहा जाता है वह खुला हुआ है. कीमैन ने तत्पर्यता दिखाते हुए तुरंत इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी. इसके बाद यह सूचना मंडल मुख्यालय पहुंचते ही हड़कम्प मच गया. इधर आरपीएफ बरहरवा इंस्पेक्टर राजीव कुमार, डीएससी असीम कुमार कुल्लू, आरपीएफ कमांडेंट गुलाम सरवर ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर छानबीन में जुटी है.

## सीनियर एथलेटिक्स गेम्स में योगेश यादव बने आयोजन समिति के सदस्य सह तकनीकी पदाधिकारी





संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन एवं खेल विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान तत्वाधान में आगामी 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रांची में 4थी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें भारत,बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल एवं श्रीलंका के प्रसिद्ध 350 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षक एवं 150 तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहे हैं. इस प्रतियोगिता से क्षेत्रीय खेलो को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान होगा. इस आयोजन से न केवल खेल उत्साह को बढ़ाएगा बल्कि राज्य एवं रांची को अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करेगा.इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता

के लिए जिले में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक योगेश यादव को आयोजन समिति के सैफ एवं ए.एफ.आई सचिवालय में कमिटी सदस्य के साथ साथ साथ तकनीकी पदाधिकारी का भी दायित्व निभाने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है.वहीं खेल विभाग द्वारा सकरीगली में संचालित डे बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक अशोक साहनी एवं शिक्षा विभाग में कार्यरत मनोज कुमार को भी तकनीकी पदाधिकारी बनाया गया है.जिले के तीनों तकनीकी पदाधिकारियों को जिला का नाम गौरवान्वित करने पर डीसी हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा,आई टी डी ए निदेशक संजय कुमार,अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत,जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव,सचिव माधव चंद्र घोष,संतोष कुमार उर्फ टिंकू ,निमाई चौधरी, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, प्रकाश सिंह बादल,गौरव झा सहित जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी.

## झारखंड जल सहिया कर्मचारी संघ की बैठक में जिलास्तरीय कन्वेंशन पर चर्चा



साहिबगंज - -शहर के रेलवे जनरल इंस्टिट्यूट के प्रांगण में झारखंड जल सहिया कर्मचारी संघ के साहिबगंज जिला शाखा कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष माला कुमारी की अध्यक्षता में हुई.बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ सह झारखंड मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष भरत यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे.बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए झारखंड जलसहिया कर्मचारी महासंघ के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में हो रही समस्याओं को झारखंड मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष भरत यादव के समक्ष रखा.वहीं जिला अध्यक्ष भरत यादव ने बैठक मे आये जल सहिया की बातों को ध्यान पूर्वक सुनते हुए उसे दूर करने की बात कही.वही जल सहिया के जिला अध्यक्ष माला कुमारी ने बताया क़ी आगामी 16 नम्बर को टाउन हॉल मे झारखण्ड जल सहिया कर्मचारी संघ का जिलास्तरीय कन्वेंशन किया जायेगा.जिसमे राज्य स्तर झारखण्ड जल सहिया कर्मचारी संघ के पदाधिकारी,स्थानीय सांसद,विधायक,जिला परिषद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा.बैठक मे रेखा देवी,पूनम सिंह,ललिता देवी,संतोषी देवी,साहिबा खातून,सिद्धार्थ मंडल,असाना बीबी,राखी देवी,रीना देवी,शमसूल हक सहित दर्जनों जल सहिया मौजूद थी.

## साहिबगंज नगरवासियों ने दी मां काली को विदाई





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज.साहिबगंज नगर में बुधवार को दो दर्जन काली पूजा समिति के द्वारा गाजे बाजे के साथ भक्तिमय माहौल में मां काली की प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा निकाला गया. विसर्जन यात्रा में शामिल महिला व पुरुष बच्चो में उत्साह में कोई कमी नही थी.लोग भक्ति गीत पर जमकर नाच कर रहे थे.वही युवको ने पारंपरिक अस्त्र शास्त्र भाला,फरसा, तलवार ,बनाठी,लाठी का करतब दिखाया.नगर के विभिन्न पूजा पंडालों से निकाली गई विसर्जन शोभा यात्रा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही.नगर में जिस मुहल्ला से विसर्जन शोभा यात्रा गुजरती उक्त क्षेत्र मां काली की जय,जय काली,अगले बरस फिर आना मां के जयकारों से गूंज रहा था.बुधवार को सुबह से ही शहर के चौक बाजार काली पूजा समिति, रॉबर्टशन क्लब बंगाली टोला काली पूजा समिति, दहला मुहल्ला स्थित जग जग मशान काली पूजा समिति,कृष्ण नगर के के एन क्लब काली पूजा समिति, गोराबाड़ी हटिया काली पूजा समिति, साउथ कॉलोनी काली पूजा समिति, नेताजी सुभाष कॉलोनी काली पूजा समिति, जिरवाबाड़ी काली पूजा समिति, रसुलपुर दहला काली पूजा समिति,सब्जी मंडी काली पूजा समिति,नार्थ कॉलोनी काली पूजा समिति, बड़तल्ला काली पूजा समिति, श्मशान घाट काली पूजा समिति,शीतला स्थान काली पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा गाजे बाजे व पारंपरिक हथियार व अखाड़ा के साथ मां काली की प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई.वही सभी मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन गंगा घाट में किया गया.जिला प्रशासन की ओर से विसर्जन को लेकर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. विसर्जन यात्रा के दौरान रूट में ड्रोन से लगातार नजर रखी जा रही थी. विसर्जन रूट वाले सभी गली मोहल्लें के 100 मीटर के दायरे में पुलिस पैनी नजर बनाएं रखी थी. जुलुस में सादे लिबास में पुलिस अधिकारी व जवानों की तैनात थे.वही जिले के अधिकारी पल पल की खबर लेते रहे.वही साहिबगंज नगर के गुल्लीभट्ठा बम काली पूजा समिति, सकरूगड़ बड़ी काली पूजा समिति,जिरवाबाड़ी झंडा मेला काली पूजा समिति एवं बायसी स्थान काली पूजा समिति के द्वारा गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा धूमधाम से निकली जाएंगी.जिसकी तैयारी पूजा समिति के द्वारा की जा रही है.

# कई टोटो चालकों से रंगदारी लेने के मामले में टोटो चालकों ने थाने में दिया आवेदन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



साहिबगंज- शहर के कई टोटो चालको ने एक टोटो चालक के विरुद्ध रंगदारी लेने के मामले को लेकर रंगदारी लेने वाले टोटो चालक को कई टोटो चालकों ने पकड़ कर थाना लाया.बताया जा रहा है कि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कबूतर खोपी गांव निवासी 31 वर्षीय छोटे लाल सिंह ने रंगदारी मांगने के मामले में थाने में लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग किया है.दिए गए आवेदन में जिक्र किया है कि रोज टोटो पर पैसेंजर लेकर साहिबगंज स्टेशन से हर जगह जाता रहता हूं. बुधवार को भी टोटो पर पैसेंजर लेकर शोभनपुर घाट गया तो मोहम्मद ताहिर पिता शेख नसीम ग्राम महादेवगंज थाना मुफस्सिल व मोहम्मद राजा पिता मोहम्मद कल्लू, व मोहम्मद नरजिद सभी मिलकर बोले कि जितना टोटो चालक टोटो लेकर घाट पर आएंगे प्रति टोटो पर एक सौ रुपया रंगदारी के रूप में जमा कर दो और घाट से जो सवारी बैठता है जितना पैसेंजर है उसका भाड़ा वसूल कर आधा भाड़ा दे .

इससे पूर्व में भी हम सभी से रंगदारी मांगा करता था. बुधवार को सभी टोटो चालकों द्वारा रंगदारी मांगने वाले को पड़कर गंगा नदी थाना लाया. टोटो चालक ने बताया कि सभी टोटो चालकों से मारपीट किया करता है. हम लोग परेशान हो गए हैं हमेशा डर बना रहता है. हम सभी गरीब चालक है. इधर मोहम्मद ताहिर ने बताया कि मेरे पर लगाए गए आरोप

बेबुनियाद है. हम खुद एक टोटो चालक है. और मैं सभी का दर्द समझ सकता हूं लेकिन मुझ पर आरोप सभी टोटो चालकों द्वारा गलत आरोप लगाया गया है. मौके पर कारण पासवान, सिंटू दास,गामा कुमार पासवान, बादल कुमार, सोनू कुमार मंडल, दीपक कुमार, मोहम्मद शहनत,भीम प्रकाश यादव, रोहित कुमार, कन्हैया कुमार पासवान, छोटू कुमार, राहुल कुमार, नंदन कुमार, व अन्य टोटो चालक मौजूद थे.

## हरिजन पाड़ा में जाम नाली से परेशान लोग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 03 अंतर्गत हरिजन पाड़ा के लोगों को नाली जाम होने से काफी परेशानी झेलनी पड़ी. नाली का गंदा पानी सड़क पर फैल जाने से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी. स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार शिकायत के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई. जिससे राहगीरों को चलने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था.स्थिति बिगड़ने पर हरिजन पाड़ा के वासियों ने कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार से मिलकर समस्या बताई. शिकायत मिलने पर निताय सरकार स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया.उन्होंने नगर पंचायत पदाधिकारियों से फोन पर बात कर त्वरित कार्रवाई की मांग की.उनके हस्तक्षेप के बाद नगर पंचायत ने तुरंत सफाई कर्मियों को भेजा. जिन्होंने नाली की सफाई कर जाम हटाया. इससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली. मौके पर आफताब आलम, मानिक रविदास, मो. तबारक, छोटू रविदास सहित कई वार्डवासी मौजूद थे.निताय सरकार ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान होना चाहिए, खासकर छठ जैसे पावन पर्व के पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहनी आवश्यक है.

## युवक की अपाची बाइक चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा ः राधानगर थाना क्षेत्र के श्रीधर हाई स्कूल मैदान से मंगलवार देर रात एक चोरी की घटना सामने आई है.रंगारंग कार्यक्रम देखने गए एक युवक की लाल रंग की टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल मैदान से चोरी हो गई. इस संबंध में बाइक मालिक संजीत सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी अपाची बाइक जेएच 18 एम 2838 से श्रीधर हाई स्कूल मैदान में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम देखने गए थे. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में दर्जनों बाइकें खड़ी थीं. इस दौरान संजीत सरकार ने भी अपनी बाइक वहीं खड़ी की और कार्यक्रम देखने चले गए. जब वे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद अपनी मोटरसाइकिल के पास पहुंचे. तो उनकी बाइक वहां से गायब मिली.उन्होंने आसपास और मैदान में काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिल सका. संजीत सरकार को आशंका है कि भीड़ और रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल चुरा ली है. पीड़ित संजीत सरकार ने राधानगर थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराया है.

पूर्व रेलवे

